## » न्यूज कैप्सूल »

### घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप

**मऊरानीपुर।** तीन लोगों ने घर में घुसकर युवक के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर जान से मारने की शिकायत पीड़ित ने पुलिस से की जानकारी के अनुसार ग्राम अक्सेव निवासी घासीराम ने थाना लहचूरा में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 13 नवंबर की रात्रि 8ः30 बजे वह अपने घर के अंदर बैठा था तभी गांव के ही तीन लोग घर के अंदर घुस आए और लात घूसों से उसकी मारपीट करने लगे तथा गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर भाग गई पीड़ित ने पुलिस  से उक्त आरोपीयों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

### युवक की हालत बिगड़ी

**मऊरानीपुर।** बिच्छू द्वारा डंक मार देने से युवक की हालत बिगड़ गई जानकारी के अनुसार राजेश पुत्र श्री राम निवासी ग्राम लहचूरा को गंभीर अवस्था में समुदाय स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया बताया गया कि बिच्छू द्वारा डंक मार देने से हालत बिगड़ गई।

### महिला को करंट लगा

**मऊरानीपुर।** विद्युत करंट लगने से महिला की हालत बिगड़ गई जानकारी के अनुसार तारा पत्नी प्रकाश निवासी पावर हाउस के पास मऊ देहात को गंभीर अवस्था में समुदाय स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया बताया गया कि विद्युत करंट लगने से हालत बिगड़ गई।

### अधिक दवा खाई

**मऊरानीपुर।** अधिक दवा खाने से महिला की हालात बिगड़ गई जानकारी के अनुसार सोना पत्नी राज निवासी कुरेचा नाका मऊरानीपुर को गंभीर अवस्था में समुदाय स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया बताया गया कि अधिक दवा खाने से हालत बिगड़  गई।

### युवक व बालिका ने खाया जहर

**मऊरानीपुर।** जहरीले पदार्थ के सेवन से बालिका व युवक की हालत बिगड़ गई जानकारी के अनुसार कृष्णा पुत्री विनोद निवासी ग्राम कुरेचा एवं चंदन पुत्र लालाराम निवासी चौक  दमेला मऊरानीपुर को गंभीर अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया बताया गया कि जहरीले पदार्थ के सेवन से हालत बिगड़ गई प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज भेज दिया।

### बाईक दुर्घटना में घायल

**मऊरानीपुर।** बाईक दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जानकारी के अनुसार मनोज पुत्र गनेश निवासी ग्राम चदेंरा मध्य प्रदेश को घायल अवस्था में समुदाय स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया बताया गया कि बाईक दुर्घटना में घायल हो गया प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज भेज दिया।

### पुलिस ने तीन लोगों का शान्तिभंग में किया चालान

**समथर।** पुलिस ने अलग अलग अपराधों में गिरफ्तार तीन लोगों का शान्तिभंग की धारा में न्यायालय में पेश हेतु भेजा पुलिस द्धारा जानकारी में बताया गया कि अनस खां पुत्र समीम खां निवासी टूटा गढ़ा थाना समथर 2 जुगल किशोर पाल पुत्र श्याम लाला पाल निवासी खुशी पुरा थाना समथर आयु 52 वर्ष,3 मोहन वर्मा पुत्र स्व.हरी टेलर्स निवासी मुहल्ला कुम्हारिन थाना समथर आयु 37 वर्ष को धारा 170/126/135/क्क्तहस्स्र के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय मोठ के समक्ष पेश किया।

### गांव में हो रही अवैध शराब की बिक्री को बंद कराने की मांग की

**मऊरानीपुर।** ग्रामीणों ने प्रशासन से गांव में अवैध रूप से बिक रही शराब पर रोक लगाने लगाए जाने की मांग की जानकारी के अनुसार ग्राम पठा निवासी दर्जनों ग्रामीणों ने एक हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन अपर जिलाधिकारी को सौपकर बताया कि ग्राम पठा में कुछ लोग अवैध रूप से देशी व कच्ची शराब बेच रहे हैं और शराब के नशे में गांव में आए दिन बाद विवाद होते हैं शराब बेचने वाले कारोबारी को शराब बेचने से मना करने पर वह झूठे मुकदमे में फसाने की धमकी देते हैं इसकी शिकायत पूर्व में कई बार करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की  गई ग्रामीणों ने प्रशासन से गांव में हो रही अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने की मांग की है ज्ञापन में ग्राम प्रधान शुभम वैध पुष्पेंद्र राय हरगोविंद अहिरवार लालाराम अहिरवार रविंद्र राय महेंद्र श्रीवास जसवंत राजपूत मोहन सहित आदि ग्रामीणों के हस्ताक्षर है।

### दबंगों ने दलित युवक के साथ मारपीट की

**मऊरानीपुर।** दलित युवक को रास्ते में रोक कर गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर जाति सूचक शब्दों से अपमानित करने एवं जान से मारने की शिकायत पीड़ित ने पुलिस से की जानकारी के अनुसार ग्राम अक्सेव निवासी राजाराम वाल्मीकि ने थाना लहचूरा में  दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 13 नवंबर की रात्रि के 8ः00 बजे वह मऊरानीपुर से अपने गांव आ रहा था तभी गांव के पास रास्ते में एक व्यक्ति आया और गाली गलौज करने लगा मना करने पर मारपीट कर दी। जाति सूचक शब्दों से अपमानित करते हुए तमंचा निकाल कर जान से मारने की धमकी दी पीड़ित ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की ।

# पोस्टर-होर्डिंग की बजाय सांसद ने सेवा भाव से मनाया जन्मदिन

### सांसद की अपील का कार्यकर्ताओं ने किया पालन , नहीं लगाए बैनर

### सांसद अनुराग शर्मा के जन्मदिन पर क्षेत्र में उमड़ा सेवाभाव



**झांसी।** झांसी - ललितपुर के यशस्वी एवं लोकप्रिय सांसद अनुराग शर्मा  के 61वें जन्मदिवस के अवसर पर पूरे संसदीय क्षेत्र में उनके कार्यकर्ताओं, समर्थकों एवं सामाजिक संस्थाओं द्वारा बड़े पैमाने पर सेवा कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की गई। जन्मदिवस से एक दिन पूर्व ही सांसद अनुराग शर्मा ने अपील जारी की थी कि होर्डिंग और पोस्टर पर अनावश्यक खर्च करने के बजाय, ज़रूरतमंदों की सेवा करके जन्मदिन को सार्थक बनाएं। उनकी इस अपील का पालन करते हुए हजारों कार्यकर्ताओं ने पूरे लोकसभा क्षेत्र में सेवा कार्यों को प्राथमिकता दी।

इस अवसर पर पंडित विश्वनाथ शर्मा हिंदू धर्म न्यास के माध्यम से क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में 6100 से अधिक गरीब एवं वंचित लोगों को वस्त्र वितरित किए गए।इसके साथ ही सांसद अनुराग शर्मा ने अपने टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत गोद लिए मरीजों को भी मेडिकल हेल्थ किट वितरित की, जिससे उन्हें उपचार और पोषण सहायता मिल सके।

झांसी व ललितपुर स्थित वृद्धाश्रमों, सेवा बस्तियों, बाल सेवागृहों में कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने जाकर बुजुर्गों, बच्चों और जरूरतमंद परिवारों के साथ जन्मदिन मनाया। फल वितरण और सेवा कार्यक्रमों ने इस दिन को और भी विशेष बनाया। कई समर्थकों ने विभिन्न स्थानों पर नि:शुल्क भोजन वितरण कार्यक्रमों का आयोजन कर दीन-दुखियों को भोजन कराकर सांसद का जन्मदिन मानवता की सेवा को समर्पित किया। इसके अतिरिक्त, अनेक कार्यकर्ताओं ने ग्रामीण क्षेत्रों में पहुँचकर बच्चों के साथ केक काटकर सांसद का जन्मदिन मनाया, जिससे बच्चों में खुशी और उत्साह का माहौल बना। अस्पतालों में भी समर्थकों और कार्यकर्ताओं ने मरीजों को फल वितरण कर सेवा का संदेश दिया।यह सभी कार्यक्रम पूरे लोकसभा क्षेत्र में हजारों कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुए। अंत में सांसद अनुराग शर्मा  ने सभी कार्यकर्ताओं, समर्थकों और सामाजिक संगठनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा जन्मदिन उत्सव का नहीं, सेवा का अवसर है। यदि हर व्यक्ति अपने विशेष दिनों को सेवा कार्यों को समर्पित करे, तो समाज और मानवता दोनों को नई दिशा मिलेगी।

# सहकारिता ग्रामीण विकास का शक्तिशाली माध्यम है: डॉ. प्रवीण सिंह




### अखिल भारतीय सहकारिता सप्ताह 2025 के अंतर्गत सहकारी संवाद का हुआ आयोजन

**झाँसी।** अखिल भारतीय सहकारिता सप्ताह ङ्क 2025 के अवसर पर आयोजित सहकारी संवाद कार्यक्रम आज झाँसी में बी-पैक्स उल्दन, विकास खंड बंगरा में संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम सहकारिता की भावना को मजबूत करने, ग्रामीण विकास को नई दिशा देने और किसान, महिला, युवा एवं सहकारी संस्थाओं के बीच सहयोग का मजबूत सेतु स्थापित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ के निदेशक डॉ. प्रवीण सिंह जादौन उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सहकारिता केवल आर्थिक सहयोग का साधन नहीं है, बल्कि यह सामाजिक और ग्रामीण विकास का एक शक्तिशाली माध्यम भी है। उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में सहकारिता क्षेत्र को नई दिशा दी जा रही है और सहकारिता मंत्री जे. पी. एस. राठौर के कुशल नेतृत्व में राज्य के 7,000 से अधिक निष्क्रिय पार्षद सहकारी समितियाँ पुनः सक्रिय हुई  हैं। इसके साथ ही डिजिटल पहल सहकार सारथी और सहकारी बैंकों में मुनाफे की तीन गुना वृद्धि जेसी उपलब्धियों के माध्यम से सहकारिता को और अधिक मजबूत और पारदर्शी बनाया जा रहा है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी  झांसी के जिला महामंत्री अरुण सिंह द्वारा की गई, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष उदय लुहारी उपस्थित रहे। उन्होंने सहकारिता के महत्व, ग्रामीण विकास में पार्टी की नीतियों और स्थानीय स्तर पर किसानों और महिलाओं के सशक्तिकरण पर अपने विचार साझा किए।

इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला सहकारी विकास संघ के निदेशक कुंवर लाखन सिंह अस्ता, उपेंद्र सिंह राजावत, सहकारी संघ चेयरमेन श्यामसुंदर तिवारी सतपुरा, सत्यपाल सिंह पठा, नरोत्तम सिंह, कृष्णपाल सिंह, प्रतापनारायण अग्रवाल, दृगपाल सिंह, हरनारायण नन्ना, रामकुमार तिवारी, दीपू तिवारी, अखिलेश पटेरिया, ज्ञानेंद्र सिंह, आशाराम कोटेदार, अशोक कुमार, प्रतिपाल सिंह, मोनू व्यास, सरजू पाल, हेमंत पटेल, हरप्रसाद, द्वारका प्रसाद, परमानंद कुशवाहा, रामजी भाई, अरविंद्र कुशवाहा आदि लोग मौजूद रहे।

# एकता यात्रा, अखंडता, राष्ट्रीय शक्ति का प्रतीक है: प्रभारी मंत्री

गुरसरांय। सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयन्ती पर एकता यात्रा 16 नवंबर को गरौठा-समथर विधानसभा क्षेत्र से जो निकली वह पूरे प्रदेश में हकीकत में जाति, धर्म, भेदभाव, पक्ष-विपक्ष सब कुछ भूलकर कई हजारों की संख्या में महिला, पुरुष, युवा, बूढ़े बच्चे सब के सब सम्मिलित होकर हमारे महापुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के सपने को साकार करते यात्रा में सम्मिलित होकर नजर आए ऐसा जनसैलाब की सुबह गांव से लेकर गली और टाउन क्षेत्र सड़कों पर तिरंगा लिए लोग राष्ट्र भक्ति के नारे लगाते हुए और राष्ट्रभक्ति के गीतों पर थिरकते हुए दिखे। यह यात्रा गरौठा तहसील के बामौर ब्लॉक की ग्राम सुट्टा से शुरू हुई और अस्ता मडोरी होते हुए गुरसरांय खेर इंटर कॉलेज बालिका विभाग के ग्राउंड में पूरे आठ घंटे मे पहुँची और सड़कों पर जनसैलाब कई किलोमीटर दूरी तक देखा गया। एकता यात्रा का बुलडोजर से उत्साही युवकों ने फूलों से वर्षा की और बुलडोजर से वर्षा करने वाले एक दो नही बल्कि पूरे एक दर्जन रहे तो बड़ी संख्या में दर्जनों घोड़े यात्रा में नाचते हुए चल रहे थे। जनसभा को संबोधित करते हुए जवाहरलाल राजपूत ने कहा कि सरदार पटेल का जीवन हर भारतीय के लिए प्रेरणा का स्रोत है और इस यात्रा का उद्देश्य उसी प्रेरणा को जन-जन तक पहुँचाना है।कार्यक्रम में आए अतिथियों का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन बद्रीप्रसाद त्रिपाठी ने कुशलता से किया।यात्रा में हजारों लोगों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक और भव्य रूप प्रदान किया। कार्यक्रम का समापन रविवार शाम 5ः00 बजे हुआ। इस मौके पर रामजी परिहार,गुड्डी रानी पटेल, राहुल राजपूत, ललित पटेल, जितेंद्र कुशवाहा, विजय सिंह अस्ता, सतीश चन्द्र चौरसिया, रामनारायण पस्तोर, सहित कई हजारों की संख्या में खेर इंटर कॉलेज बालिका विभाग में जनसैलाब उमडा हुआ था।

# मिशन शक्ति अभियान: महिलाओं बालिकाओं को साइबर सुरक्षा की दी जानकारी



**झांसी।** मिशन शक्ति टीम ने किला में एक व्यापक जन-जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया। मिशन शक्ति फेस 5.0 अभियान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को साइबर अपराधों से बचाव, सुरक्षा उपायों और आवश्यक हेल्प लाइन नंबरों की जानकारी देना था, ताकि वे किसी भी आपात स्थिति में त्वरित सहायता प्राप्त कर सकें।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति, एसपी सिटी प्रीति सिंह, सीओ सिटी लक्ष्मीकांत गौतम के निर्देशन व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेश पाल सिंह के नेतृत्व में मिशन शक्ति टीम प्रभारी किरन रावत, महिला आरक्षी प्रीति ने सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर महिलाओं व छात्राओं को आधुनिक तकनीक के बढ़ते उपयोग से जुड़े जोखिमों के बारे में जागरुक किया। टीम ने उन्हें साइबर ठगी, सोशल मीडिया पर फेक अकाउंट, ऑनलाइन छेड़छाड़, हैकिंग, ओटीपी फ्रॉड और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर होने वाले अन्य अपराधों से सतर्क रहने के तरीके समझाए।

कार्यक्रम के दौरान, टीम ने विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की उपयोगिता और उनकी प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। इनमें 112 (आपातकालीन सहायता), 1090 (महिला हेल्पलाइन), 1098 (बाल सुरक्षा हेल्पलाइन) और 1930 (साइबर फ्रॉड हेल्पलाइन) शामिल थे। अधिकारियों ने विशेष रुप से बताया कि 1930 पर कॉल करके पीड़ित व्यक्ति तत्काल शिकायत दर्ज करा सकता है, जिससे साइबर धोखाधड़ी के मामलों में रकम वापस मिलने की संभावना बढ़ जाती है।

मिशन शक्ति टीम प्रभारी किरन रावत ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य केवल जागरुकता फैलाना ही नहीं, बल्कि महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ाकर उन्हें डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने के लिए सक्षम बनाना है। स्थानीय लोगों ने पुलिस टीम की इस पहल की सराहना की और ऐसे अभियानों को वर्तमान समय की आवश्यकता बताया।

# पं कृष्णचन्द्र पालीवाल की चतुर्थ पुण्यतिथि पर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित



**गुरसरांय।** नगर के वरिष्ठ समाजसेवी सर्वोदयी विचारक खेर इंटर कॉलेज के पूर्व संरक्षक पं कृष्णचन्द्र पालीवाल की चतुर्थ पुण्यतिथि पर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पं नारायणदास कुचवार द्वारा विधि विधान से पूजन कराया गया। आरती पूजन में पं मुकुन्द पालीवाल,पूर्व चेयरमैन पं देवेश पालीवाल,योगेश पालीवाल राजू ने हिस्सा लिया। इसके संगीयमय सुंदरकांड का आयोजन सीताराम ,राम प्रकाश निरंजन,कमलापत उपाध्याय द्वारा किया गया। श्रद्वांजलि सभा में चेयरमैन जयपालसिंह चौहान,प्रधानाचार्य धनप्रकाश तिवारी,विद्यालय के प्रबंधक मनोहर राव नेवालकर,सतीश चौरसिया, सुशील स्वामी, ब्रजेन्द्र शर्मा, रमेश मौर्य, राजेन्द्र पालीवाल, रविन्द्र स्वामी, भगवान दास चौबे, नरेंद्र सिंघई, राकेश खरे बाबू, सुरेश कुचवार, सत्यप्रकाश द्विवेदी, पीएन दुवे, मेजर अखिलेश पिपरैया, जगमोहन समेले, सुरेन्द्र कुमार मिश्रा, प्रकाशचंद्र जैन, चौधरी सनत जैन, अनिल पंडा, नितिन स्वामी, देवेन्द्र घोष, ओपी शर्मा, ठाकुरदास तिवारी, केके तिवारी, शिवकुमार तिवारी, कुंजबिहारी अरजरिया,रामनारायण पस्तोर, गंगा प्रसाद श्रृंगीॠषि, डीआर कांतरे, कुलदीप कोदबलकर, कौशलेश मिश्रा, हरनारायण बिलैया, हरीकान्त नायक, चंद्रभान नायक, हरिशचन्द्र नायक सहित सैकड़ों नगरवासियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

### सनसाइन क्लब के अध्यक्ष बने वीरेंद्र गुप्ता

**झांसी।** सनशाइन क्लब के अध्यक्ष रामकुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में आम सभा का आयोजन एक होटल में किया गया। वंदेमातरम गायन के पश्चात सभा का प्रारंभ किया गया। सर्वप्रथम आय व्यय का लेखा सदन के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिस पर सभी सदस्यों द्वारा सहमति व्यक्त की गई। तत्पश्चात विगत माह संपन्न हुए कार्यक्रमों की समीक्षा एवं आगामी कार्यक्रमों पर विचार-विमर्श किया गया। आगामी कार्यक्रमों के अंतर्गत स्थाई परियोजना, 19 नवंबर को रानी लक्ष्मीबाई जयंती मनाया जाना, पारिवारिक सभा, कंबल वितरण एवं वर्ष 2026 के अधिष्ठापन समारोह पर चर्चा की गई।  सत्र 2026 के पदाधिकारियों के चयन हेतु आम सभा में सभी सदस्य द्वारा बैदेहीशरण सरावगी को चुनाव अधिकारी बनाये जाने पर सहमति व्यक्त की गई।

### ऑटोमैटिक सिग्नलिंग की शुरुआत, रेल सुरक्षा और समयपालन में बड़ा सुधार

**झांसी।** झाँसी मंडल ने रेल परिचालन को आधुनिक एवं अधिक सुरक्षित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की है। गोविंदपुरीङ्कभीमसेन ङ्क रसूलपुर गोगूमऊ खंड में ऑटोमैटिक सिग्नलिंग प्रणाली को सफलतापूर्वक प्रारंभ किया गया है। इस उन्नत तकनीक के लागू होने से अब ट्रेनें कम अंतराल पर भी पूर्ण सुरक्षा के साथ संचालित की जा सकेंगी, जिससे लाइन क्षमता में वृद्धि होगी और ट्रेनों की समयबद्धता में उल्लेखनीय सुधार होगा। इस परियोजना का क्रियान्वयन महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह के निर्देशन में किया गया। इसमें प्रधान मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता सतेंद्र कुमार, मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता (प्रोजेक्टङ्कद्बद्ब) भोलेन्द्र सिंह तथा मुख्यालय टीम का सक्रिय योगदान रहा। नई ऑटोमैटिक सिग्नलिंग प्रणाली के लागू होने से मानवीय त्रुटियों की संभावना में कमी आई है, जिससे रेल सुरक्षा और अधिक सुदृढ़ हुई है। परियोजना के अंतर्गत चुनौतीपूर्ण खंड में एक ही दिन में दो ब्लॉक सेक्शन सक्रिय किए गए, जो इस परियोजना की बड़ी उपलब्धि है। जीएमसी, भीमसेन और रसूलपुर गोगूमऊ स्टेशनों की इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली को भी उन्नत कर सिग्नल संचालन को और तेज़ तथा सटीक बनाया गया है। इस खंड में कुल 127 उन्नत स्स्रष्ठ उपकरण लगाए गए हैं, जो ट्रेन की सटीक स्थिति का पता लगाकर सिग्नलिंग प्रणाली को और भी विश्वसनीय बनाते हैं।

## कहानी

# अमृतघट

मीनाक्षी स्वामी



एक थी -अमृता। समंदर के किनारे रहती, रेत के घर बनाती। समुद्र के किनारे मिट्टी तो होती नहीं इसलिए अमृता रेत के ही घर बनाती, पर रेत में मिट्टी की तरह लोच नहीं होती, इसलिए मिट्टी के घरों की तरह अमृता के रेत के घर टिक नहीं पाते, जैसे ही भीगी रेत का पानी सूखने लगता, घर भरभराकर गिर पड़ते।

धीरे-धीरे अमृता ने घर बनाना छोड़ दिया। अब वह किनारे पर बैठकर समंदर देखा करती। सुबह समुद्र की सतह पर सूरज के लाल होते प्रकाश को देखती। दिन भर दहकते, तपते सूरज को शाम को समुद्र में ठंडा होते देखती। लहरों का उल्लास से उछलना, दौड़ना और आना-जाना देखती।

लहरें दौड़ती हुई आतीं और अमृता को भिगो जातीं। जब वह रेत पर खड़ी होकर समंदर देखती, तो लहरें बार-बार आतीं और अमृता के पैरों के नीचे से रेत बहाकर ले जातीं। अमृता को यह भी बड़ा भला लगता। अतल, अछोर समंदर को देखते हुए अक्सर दूर क्षितिज पर उसकी आँखें टिक जाया करतीं। वहाँ आसमान का समंदर से मिल जाना, अमृता को घर का-सा आभास देता।

एक दिन अमृता को एक छोटी-सी किश्ती मिल गई। अमृता उस किश्ती पर सवार होकर समंदर में पानी पर घूमने लगी। अगर उसे कहीं जाना था, तो क्षितिज पर। जहाँ घर था जहाँ से उसे आसमान को छूकर देखना था।

मगर अमृता ने अपनी किश्ती लहरों के हवाले कर रखी थी। लहरें जहाँ चाहतीं, अमृता चली जाती और मजे की बात जहाँ लहरें ले जातीं, अमृता को वहीं अच्छा लगने लगता। अमृता जानती थी कि लहरें एक दिन उसे जरूर क्षितिज पर ले जाएँगी, जहाँ से वह आसमान को छूकर देख सकेगी। जहाँ से वह लोचदार मिट्टी लाकर घर बना सकेगी। दिन में अमृता सूरज का ताप लेती। ताप बढ़ने लगता, तो कोई बड़ी लहर आकर अमृता को अपने आँचल से पलभर के लिए ढकती, भिगोती और लौट जाती। रात होती तो अमृता चाँद को देखा करती, चाँद से बातें करती और चाँदनी पिया करती। वह इतनी छककर चाँदनी पीती कि उसके हृदय का खाली घट अमृत से भरने लगता, भर-भरकर छलकने लगता, तब वह समंदर में देखती, तो लगता चाँदनी का अमृत समंदर की लहरों पर बिछ गया है। जब पंद्रह दिन चाँद नहीं होता, तब अमृता अपने छलकते अमृत घट में से चाँदनी पीती और ऐसे ही जीती।

एक दिन लहरों ने अमृता को एक दूसरी किश्ती के करीब पहुँचा दिया। किश्ती अकेली न थी, उस पर सवार भी था। जब अमृता ने किश्ती-सवार को देखा, तो देखती ही रह गयी। अमृता को लगा कि चाँद, आसमान से उतरकर किश्ती-सवार के चेहरे पर आ गया है। अब वह हाथ बढ़ाकर चाँद को छू सकती है, पर अमृता को हाथ बढ़ाने की जरूरत ही न पड़ी। चाँद खुद ही अमृता के करीब आ गया और अमृता करीब आए चाँद के होंठों से चाँदनी पीने लगी। दोनों मिले और पानी पर एकदम से जाने कैसे, जरा देर को घर बन गया।

ठीक उसी वक्त आसमान में स्वाति नक्षत्र चमका। अमृता ने देखा जल की सतह पर तैर रही एक सीपी की प्रतीक्षा सार्थक हुई। उसने स्वाति की बूँद को ग्रहण किया, अपने-आपको बंद किया और डुबकी लगाती हुई समुद्र तल में जाकर बूँद को मोती का रूप देने में लग गई।

अमृता सोचने लगी काश वह भी इस सीपी-सी स्वाति की बूँद पा ले और समंदर के अतल तल में जाकर कोई मोती गढ़े।

तभी लहरों ने अमृता को किश्ती-सवार से दूर ले जाकर पटक दिया।

किश्ती-सवार उसे फिर मिले-न-मिले, यह सोचकर अमृता बेचैन होने लगी, पर तभी उसने हवा में किश्ती-सवार की आवाज सुनी, अमृता ने भी कुछ कहा, जो किश्ती सवार ने हवा में सुना। ऐसा बार-बार होने लगा। हवा दोनों के प्यार को समझती थी, इसीलिए दोनों की आवाज एक-दूसरे तक पहुँचा देती थी।

फिर किश्ती सवार ने चाँद की चाँदनी पर अमृता को प्यारभरा खत लिखा। अमृता ने भी उसी प्यार से जवाब दिया। चाँदनी भी उन्हें प्यार करती थी और उनके खत पहुँचाया करती थी। कभी हवा के जरिये, तो कभी चाँदनी पर खत लिखकर दोनों बहुत कुछ कहते, बहुत कुछ सुनते। अब अमृता आसमान के चाँद को नहीं देखती, चाँदनी नहीं पीती। अब वह सिर्फ हवा में किश्ती-सवार की बातें सुनती, चाँदनी पर लिखे उसके खत पढ़ती और उसे खत लिखती।

कभी लहरों को उन पर प्यार आता, तो वे उन दोनों को मिला देतीं, तब वे दोनों जल्दी से पानी पर घर बना लेते, फिर जल्दी ही लहरें उन्हें अलग कर देतीं। अमृता फिर अकेली हो जाती और किश्ती-सवार उस टापू पर पहुँच जाता, जहाँ उसका अपना मिट्टी का घर था, जो अमृता के बिना लोचवाली रेत के घर की तरह ताप से टूटा नहीं था। वह तो लोचदार मिट्टी से बना घर था, जो ताप पाकर और पक्का हो गया था।

पर अमृता उसके मिट्टी के घर में न जा सकती थीं और न ही जाना चाहती थी, इसके दो कारण थे - एक तो अमृता को किश्ती में पानी पर तैरते-तैरते यों ही भटकने की आदत हो गई थी, उसे यही अच्छा लगता था और दूसरे रेत के टूटते-बिखरते घर देखकर उसे मिट्टी के घर में भी जाने से डर लगता था, फिर किश्ती-सवार के मिट्टी के घर में अमृता के रहने की गुंजाइश भी तो नहीं थी। आपस में मिलना ही दोनों को इतनी पूर्णता से भर देता था कि इस बारे में उन्हें कुछ सोचने की जरूरत ही न थी। इसीलिए दोनों ने इस बारे में कुछ सोचा ही नहीं।

जब दोनों के मिलने से पानी पर घर बनता, तो अमृता इसी घर में सुख के कुछ पल पा लेती। जब लहरें उसे दूर ले जाकर पटक देतीं, तो अमृता घर बनाकर जीये हुए इन्हीं पलों को बार-बार जीती और आगे इन्हीं पलों के दुहराने की प्रतीक्षा मे रत रहती। इन्हीं दो-चार पलों के लिए अमृता सारे पल जिया करती और इंतजार के खामोश पल पिया करती।

पर अब अमृता पहले वाली अमृता न रही। हवा से जरा किश्ती-सवार की आवाज न आती, तो अमृता घबराने लगती। चाँदनी को खत देने में देर हो जाती, तो अमृता दुश्चिंताओं से घिर जाती। अब अमृता को किश्ती में अकेलापन लगता। चाँद की चाँदनी वह पी न पाती, उसका अमृत घट भी खाली हो गया था। अब अमृता के मन में थी, तो सिर्फ बेचैनी। वह बड़ी अशांत रहने लगी।

वह हवा में किश्ती-सवार की आवाज सुनती, चाँदनी पर लिखे उसके खत पढ़ती, तो जरा देर को चैन पाती। फिर अगली आवाज और अगले खत की बेचैनी अमृता के दिल में शुरू हो जाती। अमृता लहरों से प्रार्थना करती कि वे फिर उसे किश्ती सवार से मिला दें, कभी लहरों की दया से अमृता किश्ती सवार से मिल जाती। पर लहरें जल्दी ही उन्हें अलग भी कर देतीं। अमृता फिर उस सुकून की तलाश में अपना सुकून खोने लगती।

अब अमृता अपने आप को खो चुकी थी, खो गई थी उसकी चाँदनी, जो पी थी उसने, अमृतघट रीत गया था। वह अपने आपको किश्ती-सवार के पास गिरवी रख चुकी थी। किश्ती-सवार हँसता तो हँसती, वह रुलाता तो रोती थी अमृता। अमृता जैसे सितार का तार बन गई थी, किश्ती-सवार जैसे चाहता वैसे सुर छेड़ता।

पंद्रह दिन जब चाँद नहीं होता, तो अमृता को अंधेरे से डर लगता। सूरज के ताप में पहले दिनभर भटकती अमृता की देह अब सूरज के बिना भी तपती। लहरें आकर जब उसे अपने आँचल से ढकतीं, तो भी उसका ताप कम न होता, बल्कि अब सागर के खारे पानी से उसकी झुलसी हुई देह और भी जलने लगती, उसके घावों की टीस और बढती जाती।

वह कैसी पराधीनता थी जो अमृता का सुख-चैन छीन चुकी थी।

एक दिन समंदर में किश्ती पर तैरती बेचैन अमृता ने देखा कि आसमान में काले-काले बादल घिर आए हैं, तेज बरसात होने लगी। अमृता को लगा कि जैसे उसकी पीड़ा से आसमान रो पड़ा है और सारा सागर उसी के आँसुओं से भरा है।

पर, जरा ही देर में आसमान साफ हो गया। बिलकुल साफ और धुले-निखरे आसमान में चाँद उतर आया। पूर्णिमा का पूरा चाँद, बिलकुल साफ उजला, सफेद चाँद, आईने-सा चाँद, अमृता ने चाँद की ओर देखा, चाँद उसे बड़ा दिव्य और अलौकिक लगा।

अमृता चाँद की ओर एकटक देखने लगी। देखते-देखते अमृता को चाँद में अचानक अपना अक्स दिखा।

अमृता...

चाँद में दिख रहे उसके अक्स ने उसे धीरे-से आवाज़ दी। अमृता ने यह आवाज बिलकुल साफ सुनी। वह चकित हो गई। भाव-विभोर होकर चाँद में दिख रहे अपने अक्स से मन-ही-मन बातें करने लगी।

और बातें करते हुए उसे पुरानी बातें याद आ गईं, जब वह चाँद से बातें करती और चाँदनी पीया करती थी। जब उसका हृदयघट अमृत से भरा रहता था। इन बातों के याद आते ही अमृता को लगा कि उसने अपने आपको पा लिया।

उसने वह सब पा लिया, किश्ती-सवार के चेहरे पर उतरे चाँद को देखकर खो बैठी थी।

फिर, अमृता की बेचैनी गायब हो गई थी। अब अमृता को न लहरों के जरिये किश्ती-सवार तक पहुँचने का इंतजार रहता, न हवा में उसकी आवाज सुनने का और न ही चाँदनी पर लिखे उसके खत पढ़ने का। अब जब कभी अमृता ने किश्ती सवार की आवाज हवा में सुनी, तो सुनकर भी जैसे सुनी नहीं, जब कभी किश्ती-सवार ने उसे चाँदनी पर खत लिखे, तो अमृता ने बिना पढ़े ही उन्हें सागर के हवाले कर दिया। फिर कभी लहरें अमृता की किश्ती, किश्ती-सवार के पास ले गईं, तो अमृता ने उसे देखकर भी न देखा। अमृता के अमृतघट की चाँदनी अब यों फिजूल में लुटाने को न थी।

फिर अमृता ने आसमान में चाँद को देखा और सागर पर बहती चाँदनी में दूर क्षितिज की ओर देखा, जहाँ समंदर, आसमान से मिल रहा था। अनायास लहरों ने उसे ढकेला और वह क्षितिज की ओर बढ़ चली। उसकी आँखें दूर क्षितिज पर टिक गईं। वह जानती थी कि लहरें उसे वहाँ क्षितिज तक ले जाएँगी, जहाँ से वह आसमान को छूकर देख सकेगी, घर बनाने के लिए लोचदार मिट्टी ला सकेगी। पर अब तो अमृता को वहाँ जाने की चाह भी नहीं थी, न ही अब वह घर बनाने के लिए मिट्टी लाना चाहती थी और न ही उसे सीपी बन स्वाति की बूँद पाने और अतल समंदर में जाकर मोती गढ़ने की चाह थी।

अब तो वह हवा का जादूभरा संगीत सुनती, यह उसे बड़ा भला लगता। अब वह अमृत बरसाती चाँदनी पीया करती और चाँदनी पीकर आनंद विभोर हुआ करती। उसके हृदय का घट फिर चाँदनी से भरने लगा। अब फिर अमृता की आँखों में भरी थी चाँदनी, निर्मल धवल चाँदनी, झख-झख सफेद चाँदनी।

जब अमृता छककर चाँदनी पीने लगी तो फिर घट से छलकती हुई चाँदनी सारे समंदर में बहने लगी। अब सारे समंदर में बह रही थी -- चाँदनी ही चाँदनी। इस चाँदनी में था -- अमृता का अपना अक्स। अब अमृता न तो पराधीन थी और न किसी आस से बँधी थी। उसके सारे पल सुख से भरे थे। अब उसने अपने भीतर का सुकून पा लिया था, अब उसे सुकून के लिए बाहरी कारण की तलाश न थी। उसके हृदय में स्थित प्रेम का अमृत बरसने और छलकने लगा और उसका नाम अमृता सार्थक हुआ।

-साभार

## सुविचार

दो चीजें अनंत हैं: ब्रह्माण्ड और मनुष्य कि मूर्खता; और मैं ब्रह्माण्ड के बारे में दृढ़ता से नहीं कह सकता। -अरस्तु

प्रत्येक इंसान जीनियस है। लेकिन यदि आप किसी मछली को उसकी पेड़ पर चढ़ने की योग्यता से जज करेंगे तो वो अपनी पूरी ज़िन्दगी यह सोच कर जिएगी की वो मुर्ख है। -अरस्तु

## प्रसंग...

### अनोखा दंड

हुत पुरानी बात है। दक्षिण भारत में वीरसेन नामक एक राजा राज्य करते थे। वीरसेन थे तो बहुत प्रतापी पर उन्हें अपनी प्रशंसा सुनना काफी अच्छा लगता था। चापलूस दरबारी उनकी तथा राज्य के शासन-व्यवस्था की हमेशा प्रशंसा करते रहते थे, जिससे राजा को राज्य की वास्तविक स्थिति का पता नहीं चल पाता था। राज्य में पंडित विष्णुदेव नामक एक निर्धन ब्राह्मण थे, जो भिक्षा मांगकर किसी तरह अपने परिवार का पेट पालते थे। एक बार अकाल पड़ा और भिक्षा भी बंद हो गई। बच्चों के पेट में अन्न गए तीन दिन बीत गए। पंडितजी जब तीसरे दिन भी खाली हाथ लौटे तो पत्नी रोते हुए बोली, अब मुझसे बच्चों की हालत देखी नहीं जाती। कोई भी मां अपने बच्चों को इस तरह मरते हुए नहीं देख सकती। तुम्हें कुछ-न-कुछ करना ही होगा। पंडितजी ने झल्लाकर कहा, क्या करूं? चोरी करूं? पत्नी ने कहा हां, चोरी करो क्योंकि इसके सिवा और कोई चारा नहीं बचा है। पंडितजी ने अनेक तर्कों द्वारा पत्नी को मनाने का प्रयास किया पर वह पत्नी की जिद के आगे नतमस्तक हो गए। रात को वह राजमहल के भंडार गृह में पहुंचे। उन्होंने अपनी पगड़ी उतारी और उसमें अनाज रखकर गट्ठर बांधा और तेजी से बाहर आ गए। लेकिन घर लौटकर पंडित जी को नींद नहीं आई। रात भर करवटें बदलते रहे और सुबह होते ही सीधे राजदरबार जा पहुंचे। अपना अपराध सुनाने के बाद उन्होंने राजा से अनुरोध किया कि वह उन्हें चोरी की सजा दें। सारी कथा सुनकर राजा उदास हो गए। थोड़ी देर सोचने के बाद उन्होंने कहा, सजा तो मैं अवश्य दूंगा पर आपको नहीं बल्कि स्वयं को 7 आज से मैं घूम- घूमकर प्रजा के सुख-दुःख की जानकारी लूंगा जिससे फिर किसी को चोरी करने की आवश्यकता ही न पड़े। चूंकि आपने अपनी ईमानदारी प्रमाणित कर दी है इसलिए आपको दंड मुक्त किया जाता है। इस प्रकार एक ईमानदार व्यक्ति के कारण पूरे राज्य की प्रजा सुखी हो गई।

## जरा हटके

### सारी बर्फ पिघल जाए तो बढ़ जाएगा समुद्र का 70 मीटर स्तर ...

**वाशिंगटन, ईएमएस।** यदि धरती पर मौजूद सभी ग्लेशियर, हिमखंड और ध्रुवीय बर्फ की चादरें एक साथ पिघल जाएँ, तो समुद्र का स्तर लगभग 70 मीटर तक बढ़ जाएगा। यह पूरी मानव सभ्यता के लिए एक बड़ा खतरा होगा। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि इस स्थिति के वास्तविक होने में सैकड़ों साल लग सकते हैं, लेकिन तेजी से बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन ने इसे अब अधिक संभावित बना दिया है। समुद्र का बढ़ता स्तर केवल जमीन को पानी में डुबोने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसका असर पर्यावरण, पारिस्थितिकी तंत्र और मानव जीवन के हर पहलू पर गहरा होगा। भारत में तटीय क्षेत्रों को सबसे पहले खतरा होगा। पश्चिम बंगाल, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और केरल के तटीय इलाके धीरे-धीरे पानी में समा जाएंगे। कोलकाता, चेन्नई, विशाखापट्टनम, कोच्चि और कटक जैसे बड़े शहर पूरी तरह डूब सकते हैं। इसके अलावा, गुजरात के कच्छ क्षेत्र, जो पहले से ही समुद्र के नजदीक है, भी पूरी तरह पानी में डूब सकता है। इस बदलाव से करोड़ों लोगों की आजीविका प्रभावित होगी, हजारों गांव और कस्बे पानी में समा जाएंगे और तटीय कृषि, मछली पकड़ने और व्यापार प्रभावित होंगे। दुनिया भर के बड़े तटीय शहर भी इस स्थिति का शिकार होंगे। न्यूयॉर्क, फ्लोरिडा, एम्स्टर्डम, सैन फ्रांसिस्को और शंघाई जैसे शहर समुद्र में डूब जाएंगे। इसके साथ ही, छोटे द्वीप जैसे मालदीव, फिजी और श्रीलंका का अस्तित्व पूरी तरह मिट जाएगा।

## राज काज

### हादसे के बाद दिल्ली पुलिस की एडवाइजरी

लाल किले के सामने कार विस्फोट के जरिए आतंकी हमला हुआ। हमले के पहले दिल्ली पुलिस ने एडवाइजरी जारी नहीं की। हमला होने के बाद दिल्ली पुलिस ने कहा, हवाई यात्रा करने वाले यात्री 3 घंटे पहले एयरपोर्ट पहुंचे। रेलवे स्टेशन मेट्रो स्टेशन और हवाई अड्डे पर सुरक्षा जांच कड़ी कर दी गई है। एक घंटा पहले ट्रेन यात्रा के लिए स्टेशन पहुंचना जरूरी है। दिल्ली मेट्रो में 20 मिनट पहले पहुंचे। जब कोई हादसा हो जाता है, उसके बाद पुलिस एडवाइजरी जारी करके लोगों को और डराना शुरू कर देती है। लोग कह रहे हैं, पहले पुलिस कुछ नहीं करती है।

### बिहार विधानसभा चुनाव ना भूतो ना भविष्यति

बिहार का विधानसभा चुनाव ना भूतो ना भविष्यति की तर्ज पर हुआ है। स्वतंत्रता के बाद जितने भी चुनाव हुए हैं। ऐसा चुनाव कभी देखने को नहीं मिला। ऐसी ऐतिहासिक जीत जो एनडीए गठबंधन को मिली है। वैसी जीत कभी किसी भी नेता या पार्टी की नहीं हुई है। इसे ज्ञानादेश की जीत कहा जा रहा है। विपक्ष कह रहा है, जनादेश हार गया। जनता इस ज्ञानादेश को स्वीकार करती है, या नहीं, यही देखना बाकी रह गया है। कोई भी चुनाव विशेषज्ञ इस चुनाव की व्याख्या नहीं कर पा रहा है। यह चुनाव व्याख्या करने योग्य नहीं है।

### अमित शाह ने बता दिया उन जैसा चाणक्य कोई नहीं

बिहार के विधान सभा चुनाव में जिस तरह से एनडीए गठबंधन ने जीत के पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़े हैं। उसके बाद यह कहा जा रहा है। चुनाव प्रबंधन और सत्ता के सिंहासन में कैसे कब्ज़ा किया जा सकता है। इस युग में केवल अमित शाह ही ऐसे चाणक्य हैं। जो हर मुश्किलों का सामना बड़े कौशल से करते हैं। सामने वाला उनके सामने वेवश होकर रह जाता है। बिहार विधानसभा चुनाव की जीत ने अमित शाह के चेहरे पर चार चांद लगा दिए हैं। विपक्ष को उन्होंने बिहार चुनाव में जो जवाब दिया है। उसके बाद अब संसद के सत्र में विपक्ष के पास मिमयाने के अलावा कुछ नहीं रह जाएगा।

## लघु कथा

### अस्तित्वहीन नहीं

मधुदीप

उस रात कड़ाके की सर्दी थी। सड़क के दोनों ओर की बत्तियों के आसपास कोहरा पसर गया था। रोज-क्लब के निकास-द्वार को पाँव से धकेलते हुए वह लड़खड़ाता हुआ बाहर निकला। झट दोनों हाथ गर्म पतलून की जेबों के अस्तर छूने लगे। बरामदे में रिक्शा खड़ी थी। उसकी डबल सीट पर पतली-सी चादर मुँह तक ढँपे, चालक गठरी-सा बना लेटा था। घुटने पेट में घुसे थे। रिक्शा देखकर उसका चेहरा चमक उठा। खारी बावली चलेगा... वह रिक्शावाले के समीप पहुँचा। उधर से चुप्पी रही। चल, दो रुपए दे देंगे। युवक ने उसके अन्तस् को कुरेदा। दो रुपैया से जियादा आराम की जरूरत है हमका। साले! पेट भर गया लगता है...। नशे में बुदबुदाता हुआ जैसे ही वह युवक आगे बढ़ा... ...तड़ाक... रिक्शावाले का भारी हाथ उसके गाल पर पड़ा। क्षणभर को युवक का नशा हिरन ही गया। वह अवाक्-सा खड़ा उसके मुँह की ओर देख रहा था। रिक्शावाला छाती फुलाए उसके सामने खड़ा था।

## व्यंग्य

### विभीषण की सरकार

अभिनव शुक्ल

श्री राम और रावण के बीच काँटे की टक्कर हुई। काफ़ी समय तक यह अनुमान लगाना कठिन था कि इस रण में कौन विजयी होगा। एक बड़े रोमांचक मुकाबले में अंततः विजय श्री राम की हुई। भारतवर्ष के सभी कवियों और गीतकारों ने युद्ध का अदभुत वर्णन किया है। विजेता के पक्ष में तथा हारने वाले के विपक्ष में कई समाचार पत्रों में लेख भी छपे। लोगों ने रामचंद्र की विजय को एक ऐसी विजय के रूप में परिभाषित किया जिससे आने वाले समय की गति का निर्धारण होना था। यह अंधकार पर उजाले की विजय थी! यह अधर्म पर धर्म की विजय थी! असुरों पर सुरों की विजय थी! पाकिस्तान पर भारत की विजय टाईप थी।

लंका देश के कोलंबो नामक ग्राम में एक ग़रीब किसान वास करता था। उसके पास दो बीघा ज़मीन थी जिसपर वह खेती करता था। सरकार को कर देने के बाद उसके पास इतना बच जाता था कि वर्ष भर उसे भोजन के लिए किसी के सामने हाथ नहीं फैलाना पड़ता। इधर इस युद्ध के कारण रावण सरकार ने एक सुरक्षा टैक्स अलग से लगा दिया था जिसकी वजह से किसान की हालत ख़राब थी। युद्ध समाप्त हुआ, रावण के हाथ से सत्ता छिटक कर विभीषण के हाथों में आ गई। विभीषण ने युद्ध से पहले ही श्री राम से गठबंधन कर लिया था। यह तय हुआ था कि लंका का राजा विभीषण बनेगा और समुद्र सेतु पर गुज़रने वाले वाहनों से जो टैक्स मिलेगा वह अयोध्या भेजा जाएगा। किसान को ऐसा लगता था कि विभीषण के राजा बनते ही सभी समस्याओं का निदान हो जाएगा। विभीषण के समर्थक गाँव-गाँव घूमकर विभीषण के गुणों का गुणगान करते रहते थे। किसान ने ऐसे ही किसी से सुना था कि एक बार विभीषण राजा बन जाए तो उसके गाँव में स्कूल, अस्पताल और पक्की सड़क भी बन जाएगी। गाँव के बाहर जो शुगर मिल, मिल मालिकों एवं रावण सरकार के बीच गन्ने को समर्थन मूल्य के मुद्दे की वजह से पिछले कई बरसों से बंद चल रही थी, वह चालू हो जाएगी। किसान को लगता था कि एक बार मिल चल पड़े तो शायद उसका आवारा लड़का भी वहाँ नौकरी पा जाए तथा भले मानुस का जीवन बिताए। मन ही मन वह भी यह चाहने लगा था कि युद्ध में श्रीराम की ही विजय हो। जब विभीषण ने सत्ता सँभाली तो लंका की हालत दयनीय थी। एक तो हनुमान ने नगर भर को अग्नि के सुपुर्द करके बड़े-बड़े भवनों एवं अट्टालिकाओं को ध्वस्त कर दिया था वहीं दूसरी ओर इस असमय लड़ाई से राज्य की अर्थव्यवस्था की कमर भी टूट गई थी। विभीषण के सामने रावण के अनेक वर्षों के शासन में हुई गड़बड़ियों का पता लगाने की चुनौती भी थी। लंका में विभीषण राज्य के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए यह भी आवश्यक था कि राज्य की सेना को मज़बूत किया जाए। वानरों के हाथों मिली पराजय से लंका के वीर भीतर तक टूट गए थे।

उनके मनोबल को एक बार पुनः ऊँचा उठाने के लिए नए अस्त्रों-शस्त्रों एवं तकनीक का निर्यात भी आवश्यक था। मंत्रिमंडल का गठन, समाज के सभी वर्गों को उनका स्थान दिलाना, बेरोज़गारी की समस्या को सुलझाना, कानून व्यवस्था को सुधारना, जगह-जगह श्रीराम, लक्ष्मण, सीता एवं हनुमान जी की मूर्तियों का अनावरण करना, नगरों एवं विश्वविद्यालयों के नाम बदलना, जनता के मन से कुंभकरण एवं रावण के आतंक को मिटाना आदि कार्य भी विभीषण की प्रमाणित सूची में सबसे आगे थे। इन सभी कार्यों के लिए धन चाहिए था। सुग्रीव पार्टी के वानर तो सब लूट कर ही गए थे, श्री राम भी पुष्पक विमान अपने साथ ले गए नहीं तो उसी को राजा महाराजाओं को किराए पर देकर कुछ कमाई की जा सकती थी। सागर सेतु से एकत्रित होने वाली चुंगी भी अयोध्या भेजनी पड़ती थी। नल और नील युद्ध के बाद यहीं रुककर पुल की व्यवस्था देख रहे थे तथा उनके रहते इस खेल में धांधली संभव नहीं थी... इतना ज़रूर हुआ था कि सरपंच जी का भवन अब दुमंज़िला हो रहा था तथा उनका पुत्र मर्सडीज़ नामक रथ विदेश से ले आया था।

## फोटो ऑफ द डे



स्टॉकहोम, स्वीडन के ओस्टरमाल्म में पुलिस तकनीशियन उस जगह पर काम करते हुए जहाँ एक बस एक बस शेल्टर से टकरा गई थी।

## चिंतन-मनन

### चैतन्यता जरूरी

स्मृति और विस्मृति दोनों संतुलन अपेक्षित हैं। कुछेक व्यक्तियों में विस्मृति की बड़ी मात्रा होती है। वह हमारी चेतना की स्थिति को बहुत स्पष्ट करता है। एक व्यंग्य है। दो बहनें मिलीं। एक स्त्री ने कहा, मेरा पति बहुत भुलक्कड़ है। एक दिन बाजार में गया सब्जी लाने के लिए। बाजार में घूम-घामकर घर लौटा। आते ही पूछा, अरे! मैं बाजार गया था, पर याद नहीं रहा कि मैं बाजार क्यों गया हूं? कितना भुलक्कड़! दूसरी स्त्री बोली, अरे! बस इतना ही भुलक्कड़! मेरा पति इससे बहुत आगे है। उसके भुलक्कड़पन की बात सुनोगी तो आश्चर्यचकित रह जाओगी। एक दिन की बात है। वह मित्रों के साथ बाजार में घूम रहा था। अकस्मात् ?सा योग मिल गया कि मैं उधर से निकली। मुझे देखते ही उसने कहा, बहनजी! नमस्ते। आपको कहीं देखा है। आपकी सूरत परिचित-सी लगती है। कितनी विस्मृति! विस्मृति एक व्यापक बीमारी है। कुछेक लोग इसके शिकार हो जाते हैं। उन्हें अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जीवन में स्मृति और विस्मृति का संतुलन होना चाहिए। हम याद भी रख सकें और भूल भी सकें। याद रखना ही पर्याप्त नहीं होता, भूलना भी आवश्यक होता है। जीवन की अनेक घटनाएं ?सी होती हैं जिनको भूल जाना ही श्रेयस्कर होता है। कुछ प्रिय घटनाएं भी भूलने योग्य होती हैं और अप्रिय घटनाएं भी भूलने योग्य होती हैं। यदि उनका भार ढोते ही जाएं तो दुख का कहीं अन्त नहीं होगा। हम आवश्यक बातों को याद रखें और अनावश्यक बातों को भूलते चले जाएं। अपने कर्तव्य की विस्मृति शिक्षा की बहुत बड़ी बाधा है।

## स्वास्थ्य

### कई स्किन लाइटनिंग क्रीम्स में मरकरी की मात्रा खतरनाक स्तर तक

**वॉशिंगटन, ईएमएस।** कई स्किन लाइटनिंग क्रीम्स में मरकरी की मात्रा कानूनी सीमा से हजार गुना अधिक पाई गई है। यह वही जहरीला तत्व है जो किडनी, लिवर और नर्वस सिस्टम को गंभीर नुकसान पहुंचा सकता है। यह खुलासा जीरो मरकरी वर्किंग ग्रुप (झेडएमडब्ल्यूजी) की रिपोर्ट में हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया के कई देशों में ऑनलाइन बिकने वाली क्रीम्स में अवैध रूप से मरकरी मिलाया जा रहा है।

जांच में शामिल 31 क्रीम्स में से 25 में मरकरी का स्तर 1 पार्ट पर मिलियन (पीपीएम) की तय सीमा से हजारों गुना ज्यादा पाया गया। भारत की संस्था टॉक्सिक्स लिंक ने भारत, पाकिस्तान और थाईलैंड में बनी 8 क्रीम्स की जांच की, जिनमें से 7 में मरकरी का स्तर 7331 पीपीएम से लेकर 27431 पीपीएम तक पाया गया। यह मात्रा इतनी अधिक है कि किसी व्यक्ति की जान भी जा सकती है। रिपोर्ट के अनुसार, यूरोप और अमेरिका जैसे देशों में ऐसे उत्पाद बहुत कम हैं, क्योंकि वहां कानून बेहद सख्त हैं। जबकि भारत जैसे देशों में अनियंत्रित ऑनलाइन मार्केटप्लेस पर ये क्रीम्स धड़ल्ले से बिक रही हैं।

2023 से अब तक मरकरी वाली क्रीम्स के इस्तेमाल से कई लोगों में किडनी फेल्योर के मामले सामने आ चुके हैं। महाराष्ट्र के अकोला जिले में एक ही परिवार की तीन महिलाओं की किडनी खराब होने का कारण भी ऐसी ही क्रीम्स बताई गई थीं।

# फिलिस्तीनियों को लेकर दक्षिण अफ्रीका पहुंचा विमान, लैंडिंग के बाद मची हलचल

### इन लोगों को 12 घंटे तक विमान में रखा, खुफिया एजेंसियां कर रही जांच

**जोहांसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका की खुफिया एजेंसियां इस बात की जांच कर रही हैं कि उस चार्टर्ड विमान के पीछे कौन था जो युद्धग्रस्त गाजा से 150 से ज्यादा फिलस्तीनियों को लेकर जोहांसबर्ग में उतरा था। इन लोगों के पास उचित यात्रा दस्तावेज नहीं थे और परिणामस्वरूप इन्हें करीब 12 घंटे तक विमान में रखा गया। देश के राष्ट्रपति ने शुक्रवार को यह बात कही।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक दक्षिण अफ्रीका की एजेंसी ने बताया कि विमान गुरुवार सुबह ओ आर ताम्बो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा, लेकिन यात्रियों को देर रात तक उतरने की अनुमति नहीं दी गई, क्योंकि फिलस्तीनियों के साथ एक साक्षात्कार में पाया गया कि वे यह नहीं बता सके कि वे दक्षिण अफ्रीका में कहां या कितने समय तक रुकेंगे। इसने कहा कि फिलस्तीनियों के पास आमतौर पर इजराइली अधिकारियों द्वारा गाजा छोड़ने वाले लोगों को जारी की जाने वाली निकास टिकट या पर्चियां भी नहीं थीं।

दक्षिण अफ्रीकी अधिकारियों ने शुरू में यात्रियों को विमान से उतरने की अनुमति न दिए जाने के कारण गैर-सरकारी संगठनों ने कड़ी आलोचना की थी। उन्होंने कहा था कि 153 फिलस्तीनियों जिनमें बच्चों के साथ परिवार और एक नौ महीने की गर्भवती महिला भी थी को विमान में बहुत ही खराब स्थिति में रखा गया, क्योंकि विमान में बहुत गर्मी थी और वहां न तो भोजन था और न ही पानी।

दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने कहा कि इस बात की जांच की जा रही है कि फिलिस्तीनी केन्या के नैरोबी में रुककर दक्षिण अफ्रीका कैसे पहुंचे। रामफोसा ने कहा कि ये लोग गाजा से हैं जिन्हें किसी रहस्यमय तरीके से नैरोबी से गुजरते हुए एक विमान में बिठाया गया और वे यहां आ गए। दक्षिण अफ्रीका स्थित फिलिस्तीनी दूतावास ने प्लेन को लेकर कहा कि उड़ान का इंतजाम एक गैरपंजीकृत और भ्रामक संगठन ने किया था, जिसने गाजा में हमारे लोगों की दुखद मानवीय परिस्थितियों का फायदा उठाया, परिवारों को धोखा दिया, उनसे पैसे ऐंठे और गैर-जिम्मेदाराना तरीके से उनकी यात्रा की सुविधा प्रदान की।



उत्तरी मैसीडोनिया में पल्स नाइटक्लब में लगी आग में मारे गये लोगों लोगों के परिजन विरोध में एंजिल्स मार्च निकालते हुए, उसी दौरान के महिला रोने लगी।

# मेयर जोहरान ममदानी अब कॉफी कंपनी स्टारबक्स के खिलाफ मैदान में उतरे

### हड़ताली कर्मचारियों का किया समर्थन, कहा- कोई अनुबंध नहीं, तो कोई कॉफी नहीं



**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क शहर के नवनिर्वाचित मेयर जोहरान ममदानी अब कॉफी कंपनी स्टारबक्स के खिलाफ मैदान में उतर आए हैं। सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए उन्होंने कंपनी के हड़ताली कर्मचारियों को अपना समर्थन दिया है। इतना ही नहीं ममदानी ने पूरे अमेरिका के लोगों से इस कॉफी चेन कंपनी के बहिष्कार में शामिल होने का आग्रह भी किया है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एक्स पर स्टारबक्स कर्मचारी यूनियन के एक पोस्ट को रिपोस्ट करते हुए जोहरान ममदानी ने कंपनी को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि जब तक स्टारबक्स के कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं, तब तक वह इसका कोई प्रोडक्ट नहीं खरीदेंगे। उन्होंने लिखा- देश भर के स्टारबक्स कर्मचारी गलत लेबर प्रैक्टिस विरोध और नौकरी को एक अनुबंध के तहत लाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। ऐसे में जब तक कर्मचारी हड़ताल पर हैं, मैं कोई स्टारबक्स नहीं खरीदूंगा और मैं आपसे भी इसमें शामिल होने का अनुरोध करता हूं। साथ मिलकर हम एक शक्तिशाली संदेश दे सकते हैं कि कोई अनुबंध नहीं, तो कोई कॉफी नहीं।

बता दें जोहरान ममदानी ने जिस पोस्ट को शेयर किया है। उसमें स्टारबक्स वर्कर्स यूनाइटेड ने ऐलान किया था कि वह 13 नवंबर से हड़ताल पर जा रहे हैं। यह कंपनी के इतिहास की सबसे बड़ी लड़ाई होगी। यूनियन ने अपने ग्राहकों से भी आग्रह किया था कि जब तक मैनेजमेंट बातचीत की टेबल पर नहीं आता, तब तक वह स्टारबक्स से दूरी बनाकर रखें।

बता दें यूनियन के प्रतिनिधित्व वाले करीब 10,000 कर्मचारी इस हड़ताल में भाग ले रहे हैं। गुरुवार को 65 स्टोर्स के एक हजार से ज्यादा कर्मचारियों ने इस हड़ताल को स्टारबक्स के सबसे व्यस्त प्रचार कार्यक्रमों में से एक रेड कप डे के दिन किया। इस हड़ताल से पूरे अमेरिका में कम से कम 45 शहरों की दुकानों के प्रभावित होने की आशंका है।

दूसरी तरफ ममदानी के लिए स्टारबक्स का बहिष्कार उनके मेयर पद जीतने से बहुत पहले किए गए।

# ट्रंप की करीबी रही मार्जोरी टेलर ग्रीन अब क्यों हुईं उनके खिलाफ़?

### राष्ट्रपति ने कहा सनकी और गद्दार

**वाशिंगटन।** अमेरिका की रिपब्लिकन पार्टी में मानी जाने वाली मजबूत ट्रंप समर्थक कांग्रेसवुमन मार्जोरी टेलर ग्रीन और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच इन दिनों तीखा टकराव देखने को मिला है। लंबे समय तक ट्रंप की कट्टर सहयोगी रहीं ग्रीन अब सार्वजनिक रूप से उनके खिलाफ सवाल उठा रही हैं, जिससे रिपब्लिकन खेमे में हलचल बढ़ गई है। ट्रंप ने भी उन्हें सनकी बताया और गद्दार तक कह दिया है। मार्जोरी टेलर ग्रीन ने हाल में सवाल किया था, कि क्या राष्ट्रपति ट्रंप अब भी अमेरिका फर्स्ट एजेंडा के प्रति उतने ही प्रतिबद्ध हैं जितने कि पहले हुआ करते थे। इसके साथ ही उन्होंने एपस्टीन फ़ाइलों के प्रबंधन को लेकर भी ट्रंप पर सवाल उठाते हुए उनकी आलोचना की। यह मामला उस समय और गरमा गया जबकि अमेरिकी सदन इस बात पर विचार कर रहा है कि इन विवादित फ़ाइलों को सार्वजनिक किया जाए या नहीं।

ग्रीन की आलोचना पर ट्रंप ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए उन्होंने ग्रीन को 'सनकी' बताया और कहा कि वह बस शिकायत करती रहती हैं। इसके अगले ही दिन ट्रंप ने अपने हमले को और तेज करते हुए ग्रीन को 'गद्दार' तक कह दिया। उन्होंने यह भी दावा किया कि ग्रीन उनके खिलाफ तब हुईं जब उन्होंने सुझाव दिया कि उन्हें अपने राज्य जॉर्जिया में गवर्नर या सीनेटर पद के लिए चुनाव नहीं लड़ना चाहिए। ट्रंप ने यह तक कह दिया कि अगले साल होने वाले मिडटर्म चुनावों में वह ग्रीन के किसी भी रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी का समर्थन करेंगे।

### अमेरिका में छह जनवरी के दंगे के आरोपी को ट्रंप ने दिया क्षमादान

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने छह जनवरी के दंगे के एक प्रतिवादी को दूसरी बार क्षमादान दिया, जो अवैध रूप से आग्नेयास्त्र रखने संबंधी एक अलग दोषसिद्धि के कारण यूएस कैपिटल दंगाइयों के लिए क्षमादान की व्यापक मंजूरी के बावजूद सलाखों के पीछे था। यह फैसला ट्रंप की अपने संवैधानिक अधिकार का उपयोग उन समर्थकों की मदद करने की इच्छा का उदाहरण है, जिन्होंने 2020 में राष्ट्रपति जो बाइडन से हारने के बाद उन्हें सत्ता में बनाए रखने की कोशिश की थी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक डैनियल एडविन विल्सन दंगों में अपनी भूमिका के लिए जांच के घेरे में था, जब अधिकारियों को उसके घर से छह बंदूक और गोला-बारूद बरामद किया था। पहले से ही गंभीर अपराधों में दोषी पाए जाने के कारण, उसके लिए आग्नेयास्त्र रखना गैरकानूनी था। विल्सन के वकील ने बताया कि उनके मुवक्किल को 2028 तक जेल में रहना था लेकिन क्षमादान के बाद शुक्रवार शाम उसे रिहा कर दिया गया।

### आज का इतिहास 17 नवंबर

1525 बाबर सिंध के रास्ते से भारत में पांचवी बार आया।
१८५७ आजादी की पहली लड़ाई लखनऊ में ठंडी पड़ गयी।
1913 पनामा नहर से पहला जहाज गुजरा।
1915 भारतीय सेवा में विद्रोह भड़काने के लिए विष्णु गोपाल पिंगले को तालेगांव जेल में फांसी दी गयी।
1928 लाला लाजपत राय की मौत हुई।
1932 तीसरा गोलमेज सम्मेलन शुरू हुआ।
1954 जनरल गमाल अब्दुल नासिर ने मिस्त्र में सत्ता संभाली।
1963 इराक में सेना ने अब्दुल सलाम आरिफ के नेतृत्व में सत्ता पर कब्जा किया।
1976 चीन ने सबसे बड़ा परमाण विस्फोट किया।
1988 पाकिस्तान में बेनजीर भुट्टो की पार्टी को चुनावों में भारी सफलता मिली।
1989 बल्गारिया की संसद ने राष्ट्राध्यक्ष टोडोर जिवकोव को बरखास्त किया।
1991 चेक और स्लोवाकिया के विवाद के चलते राष्ट्रपति वाकलाव हावेल ने विशेषाधिकार से शासन चलाने की घोषणा की।
2005 नई दिल्ली में सार्क देशों का पहला व्यवसायिक सम्मेलन शुरु।

### लॉफिंग ज़ोन

एक प्रत्याशी ने अपने परिचित वोटर के घर जाकर कहा, 'भैया, ख्याल रखना, मैं खड़ा हूं.'

वोटर ने कोने में रखी कुर्सी की ओर संकेत करते हुए कहा, 'आप खड़े क्यों हैं, बैंठ जाइए.'

☺ ☺ ☺

आदमी ने अपनी विवाहिता नवयुवती से बड़े प्यार से कहा, 'अब यह घर तुम्हारा है. हर पल इसे सजाने-संवारने की जिम्मेदारी अब तुम्हारी है.'

नवयुवती पत्नी तुनक उठी, 'तो फिर मैं अपना मेक-अप कब करूँगी?'


☺ ☺ ☺

### प्रसंगतः कल की चिंता

एक शहर में धर्मदत्त नामक सेठ रहता था। अपार संपत्ति का स्वामी होने के बावजूद वह हमेशा उदास रहा करता था। उसे अपनी भावी पीढ़ी की चिंता सताती रहती थी। एक बार भगवान महावीर उस शहर में आए। गंगा के तट पर उनका प्रवचन हो रहा था। धर्मदत्त भी वहां पहुंचा। वह पहली कतार में बैठ कर प्रवचन सुन रहा था, लेकिन उसका मन कहीं और था। प्रवचन के बाद भगवान महावीर ने उसकी उदासी का कारण पूछा तो सेठ ने कहा, 'प्रभु, मुझे किसी चीज की कमी नहीं है। मेरे पास इतनी दौलत है कि मेरी सात पीढ़ियां आराम से खा-पी सकें। लेकिन मुझे चिंता है कि मेरी आठवीं पीढ़ी का गुजर-बसर कैसे होगा?' भगवान महावीर ने कहा, 'तुम्हारी चिंता मैं दूर कर देता हूं। तुम्हें इतनी दौलत दे दूंगा कि तुम्हारी आठवीं पीढ़ी सुख से रहेगी। इसके लिए तुम्हें एक काम करना होगा। यहां एक आश्रम के पीछे झोपड़ी में एक मजदूर का परिवार रहता है। तुम उससे कहो कि वह अपनी आवश्यकता का आटा अपने पास रख कर बाकी तुम्हें दे दे।' सेठ वहां गया और उसने वैसा ही कहा। मजदूर की पत्नी घर के अंदर से एक हंडिया ले आई और उसे देते हुए बोली, 'ले जाओ भाई। मेरे पास इतना ही आटा है।' सेठ ने कहा, 'नहीं, नहीं, तुम अपनी जरूरत का आटा रख लो, जो बचे उसे दो।' मजदूर की पत्नी बोली, 'अगर मैंने अपनी जरूरत का आटा रख लिया तो तुम्हें क्या दूंगी। मुझे जिसने आज दिया है वह कल भी देगा।' सेठ खाली हाथ लौट आया और उसने भगवान महावीर को सारी बात बताई। भगवान महावीर बोले, 'सेठ, एक वह मजदूर स्त्री है, जिसे कल की भी चिंता नहीं है और एक तुम हो कि अपनी आठवीं पीढ़ी की चिंता में अपने को गला रहे हो। क्या तुम्हारी आगामी पीढ़ी अपाहिज, काहिल और निकम्मी होगी कि जिसके लिए तुम चिंतित हो।' उस दिन से सेठ ने चिंता छोड़ दी।

### दैनिक पंचांग

17 नवम्बर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृश्चिक में | वृश्चिक | 06.16 ब.से |
| चंद्र | कन्या में | धनु | 08.32 बजे से |
| मंगल | वृश्चिक में | मकर | 10.37 बजे से |
| बुध | वृश्चिक में | कुंभ | 12.23 बजे से |
| गुरु | कर्क में | मीन | 13.56 बजे से |
| शुक्र | तुला में | मेष | 15.27 बजे से |
| शनि | मीन में | वृष | 17.07 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मिथुन | 19.05 बजे से |
| केतु | सिंह में | कर्क | 21.18 बजे से |
| राहुकाल | | सिंह | 23.34 बजे से |
| 7.30 से 9.00 | | कन्या | 01.46 बजे से |
| बजे तक | | तुला | 03.57 बजे से |

**सोमवार** 2025 वर्ष का 321 वा दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** हेमन्त। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** मृगशीर्ष (दक्षिण भारत में कार्तिक) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** त्रयोदशी अहोरात्र। **नक्षत्र** चित्रा 05.02 बजे प्रातः को समाप्त। **योग** प्रीति 07.23 बजे को समाप्त। **करण** गर 17.59 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.5 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 18° 59' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872531 **जूलियन दिन** 2460996.5 **कलियुग संवत्** 5126 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2552 **हिजरी सन्** 1447 **महीना** जमादि उल्लावल **तारीख** 25 **विशेष** प्रदोष व्रत, मंडलकाल प्रारंभ।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

### राशिफल

शुभ संवत 2082, शाके 1947, सौम्य गोष्ठ, मार्ग शीर्ष कृष्ण पक्ष, शरद ऋतु, गुरु उदय पूर्वे, शुक्रोदय पूर्वे तिथि त्रियोदशी, सोमवासरे, चित्रा नक्षत्र, प्रीत योगे, गरकरणे, कन्या की चंद्रमा, दोपहर बाद तथापि दक्षिण दिशा की यात्रा शुभ उत्तम होगी।

#### आज जन्म लिए बालक का फल..........

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमानी, चपल, चतुर, चंचल, जिद्दी-हठी, स्वाभिमानी, अपनी चलाने वाला, हठ-योगी, ट्रांसपोर्टर तथा ट्रक-बस मालिक, वाहन चलाने वाला, धनी-मानी, लोभी होगा।




मेष राशि: दैनिक व्यवसाय गति अनुकूल हो, भाग्य का सितारा साथ देगा, समय का ध्यान रखें।

वृष राशि: धन लाभ, आशानुकूल सफलता का हर्ष, कार्यगति में उदासीनता बनी रहेगी।

मिथुन राशि: योजनायें फलीभूत हों, विशेष कार्य स्थगित रखें, कार्य में परेशानी होगी।

कर्क राशि: असमंजस कष्टप्रद होगा तथा किसी अरोप से बचें, चोटादि का भय।

सिंह राशि: आकस्मिक विरोध, तनाव, अपवाद, आरोप, धन का व्यय, व्यर्थ यात्रा होगी।

कन्या राशि: व्यवसायिक समृद्धि के साधन फलप्रद होंगे, तनाव, क्लेश व अशांति होगी।

तुला राशि: संघर्ष से सफलता मिलेगी, कार्यगति अनुकूल होगी, कुछ समस्यायें सुलझेंगी ध्यान दें।

वृश्चिक राशि: असमंजस कष्टप्रद होगा, किसी अरोप-प्रत्यारोप से बचकर चलें, लाभ होगा।

धनु राशि: व्यवसाय गति अनुकूल, भाग्य का सितारा साथ देगा, बिग? कार्य बनेंगे।

मकर राशि: दैनिक समृद्धि के साधन जुटायें, इष्ट-मित्र सुखवर्धक अवश्य होंगे।

कुंभ राशि: कहीं दुर्घटनाग्रस्त होने से बचें, कुटुम्ब की समस्यायें अवश्य सुलझेंगी।

मीन राशि: धन का व्यर्थ व्यय होगा, बेचैनी तथा दूसरों के कार्यों में भटकना प?ेगा, ध्यान दें।

पीएल गौतमाचार्य // मोनिका

# फेड की पूर्व गवर्नर एड्रियाना कुगलर ने अचानक दिया था इस्तीफा

### दस्तावेजों से पता चला उनके खिलाफ चल रही थी आंतरिक जांच

**वाशिंगटन।** अमेरिकी केंद्रीय बैंक की फेड की पूर्व गवर्नर एड्रियाना कुगलर ने अगस्त में अचानक इस्तीफा दिया था। शनिवार को जारी दस्तावेजों से पता चला है कि उनके खिलाफ फेड की नैतिकता नियमों के उल्लंघन और एक आंतरिक जांच चल रही थी। दस्तावेजों के मुताबिक कुगलर ने अपने वित्तीय होल्डिंग्स में आ रही समस्या को हल करने जुलाई के अंत में होने वाली नीति बैठक से पहले लेन-देन की मंजूरी मांगी थी, लेकिन फेड के चेयर जेरोम पावेल ने उनके लिए छूट देने से इनकार कर दिया था। इसके बाद कुगलर वह बैठक बंद कर गईं और कुछ ही दिनों बाद इस्तीफा दे दिया।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ओफिस ऑफ गवर्नमेंट एथिक्स ने शनिवार को कुगलर के नए वित्तीय खुलासे जारी किए। उन खुलासों में 2024 में कई व्यक्तिगत स्टॉक्स में ट्रेडिंग दिखाई गई कि कुछ ट्रेडिंग फेड की 'ब्लैकआउट' अवधि के दौरान हुई मानी जा रही है, जो नियमों के खिलाफ है। फेड के एथिक्स अधिकारियों ने इस मामले को इस साल की शुरुआत में एजेंसी के इंस्पेक्टर जनरल के पास भेज दिया था और उन्होंने उन खुलासों को प्रमाणित भी नहीं किया। कुगलर ने ये वित्तीय घोषणा-पत्र इस्तीफे के लगभग एक महीने बाद दायर किए थे। इंस्पेक्टर जनरल के एक प्रवक्ता ने बताया कि जांच अभी जारी है।

कुगलर का अगस्त में हो गया इस्तीफा डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन को फेड बोर्ड में अपनी पसंद का सदस्य जल्दी नियुक्त करने का मौका दे गया। उस खाली सीट पर अंततः ट्रंप सलाहकार स्टीफन मिरान को रखा गया, जो व्हाइट हाउस के काउंसिल ऑफ़ इकोनॉमिक एडवाइजर्स के चेयर भी थे और उन्होंने तेजी से ब्याजदर घटाने की वकालत की है। मिरान ने अपनी सैटर/चेयर की पोस्ट पर बिना वेतन की छुट्टी ली। एड्रियाना कुगलर को सितंबर 2023 में राष्ट्रपति जो बाइडेन ने फेड की गवर्नर के रूप में नियुक्त किया था। उन्होंने एक अगस्त को घोषणा की थी कि वे 8 अगस्त को प्रभावी होने वाले इस्तीफ़े देंगी यानी उनकी सेवा तय समय से करीब छह महीने पहले ही समाप्त हो गई।

### अमेरिका में तालिबानी सजा-दोषी को कमरे में बंद किया फिर गोलियों से भून डाला

**वाशिंगटन।** अमेरिका के ट्रंप प्रशासन में तालिबानी सजा देने से भी गुरेज नहीं किया जा रहा है। साउथ कैरोलाइना के फायरिंग स्क्वाड चेंबर में 44 वर्षीय स्टीफन ब्रायंट को मौत की सजा दी गई। साउथ कैरोलाइना में यह इस साल फायरिंग स्क्वाड से दी गई तीसरी मौत की सजा थी।

2004 में विलार्ड 'टीजे' टीटजेन की हत्या के मामले में सजा पाए ब्रायंट ने दो और हत्याओं की भी जिम्मेदारी स्वीकार की थी। ब्रायंट ने दो और हत्याओं का भी गुनाह कबूला था। उनके वकील का कहना था कि जज को कभी यह जानने का मौका ही नहीं दिया गया कि ब्रायंट के दिमाग को गर्भावस्था के दौरान उनकी मां की शराब और ड्रग्स की लत ने कितना नुकसान पहुंचाया था। लेकिन राज्य की सुप्रीम कोर्ट ने इस हफ्ते फांसी रोकने से इनकार कर दिया।

रिपोर्ट के मुताबिक, ब्रायंट ने कोई अंतिम बयान नहीं दिया। उन्होंने बस 10 गवाहों की तरफ देखा। इसके बाद उनके सिर पर हुड डाल दिया गया। तीन जेल कर्मचारियों के हाथों में असली गोलियां भरी राइफलें थीं। सारी तैयारी पूरी होने के करीब 55 सेकंड बाद गोलियां चलाई गईं। ब्रायंट ने कोई आवाज नहीं निकाली।

## ब्रीफ न्यूज

### उपचार के दौरान महिला बंदी की मौत

**ग्वालियर।** केन्द्रीय जेल में सजा काट रही महिला बंदी की मौत हो गई। जेल प्रबंधन का कहना है कि मृतिका बीमार थी और उसे उल्टी होने पर चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था जहां उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव विच्छेदन गृह भेज मौत के कारणों की जांच प्रारंभ कर दी है।

मुरैना निवासी रेखा जाटव 26 – वर्ष केन्द्रीय जेल में अपहरण और पास्को एक्ट के प्रकरण में सजा काट रही थी। देर रात को महिला बंदी की उल्टी होने पर हालत बिगड़ी तो उसे जयारोग्य चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां पर उसने शाम के समय उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

### शादी समारोह में नेग को लेकर हुआ हंगामा, बुलानी पड़ गई पुलिस

**शिवपुरी।** शिवपुरी जिले के करैरा कस्बे में एक विवाह समारोह में जूता–छुपाई की रस्म उस समय विवाद का कारण बन गई, जब नेग को लेकर दोनों पक्ष आमने–सामने आ गए। मधुर मिलन पैलेस में चल रहे विवाह कार्यक्रम में दूल्हे के पक्ष द्वारा साली को कम नेग दिए जाने की बात पर बहस छिड़ी, जो कुछ ही देर में हंगामें के साथ ही हाथापाई तक पहुंच गई। कुर्सियां और पत्थर भी चले, जिसे देखते हुए पुलिस बुला ली गई।

जानकारी के अनुसार करैरा के नन्हे शाह की बेटी मुस्कान की शादी तालबेहट निवासी अब्बास अली से हो रही थी। नेग को लेकर शुरू हुई तकरार अचानक हाथापाई में बदल गई और दोनों पक्षों ने एक–दूसरे पर कुर्सियां और पत्थर चलाने शुरू कर दिए। इस दौरान एक युवक ने दूल्हे की तलवार निकालकर उत्पात मचाया, जिससे माहौल और तनावपूर्ण हो गया। विवाद की सूचना पर करैरा थाने की रात्रि गश्त टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों पक्षों को अलग कर दूल्हे की तलवार जब्त कर ली। स्थिति इतनी बिगड़ गई थी कि वधू पक्ष ने दुल्हन की विदाई तक रोक दी थी।

#### पुलिस की मध्यस्थता से हुआ समझौता

एएसआई शैलेन्द्र सिंह चौहान और उनकी टीम ने दोनों पक्षों को समझाया और समझौता कराया। पुलिस हस्तक्षेप के बाद माहौल शांत हुआ और शेष रस्में बिना किसी और बाधा के पूरी की गईं।

### माप-अप राउंड खत्म होने के बाद वैकेंसी राउंड का हक खत्म– हाईकोर्ट

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश में नीट–यूजी के मापअप राउंड समाप्त हो जाने के बाद सरकारी और निजी मेडिकल कॉलेज की लगभग 39 सीट खाली रह गई थी। इसको लेकर हाईकोर्ट में एक याचिका लगाई गई थी। जिसमें मांग की गई थी, जो परीक्षार्थी प्रवेश पाने से वंचित रह गए हैं। उन्हें प्राथमिकता के साथ प्रवेश दिलाया जाए।

इस याचिका पर सुनवाई करने के बाद हाईकोर्ट ने निर्णय दिया है। नीट के परीक्षार्थियों को पहले ही तीन बार माप–अप राउंड मे उन्हें शामिल किया गया है। अब यह प्रक्रिया समाप्त हो चुकी है। ऐसी स्थिति में वैकेंसी राउंड में पूँह शुरू नहीं किया जा सकता है। यह कहते हुए हाईकोर्ट ने याचिका को खारिज कर दिया है। इसका मतलब यह हुआ, जिन शिक्षण संस्थानों में सीट खाली है। उन्हें ही अब सीट भरने का अधिकार होगा।

### पुस्तक, हठयोग के सिद्धांत...का विमोचन हुआ

**इन्दौर।** चिन्मय मिशन आश्रम के स्वामी प्रबुद्धानंद सरस्वती के सानिध्य में आयोजित एक विमोचन कार्यक्रम में इंजीनियर अनिल अग्रवाल की लेखक के रुप में द्वितीय पुस्तक हठयोग के सिद्धांत का विमोचन किया गया। इसके पूर्व अग्रवाल की योग के मूलभूत सिद्धांत शीर्षक से पुस्तक प्रकाशित हो चुकी है। विगत 32 वर्षों से योग के क्षेत्र में सक्रिय रूप से जुडे इंजिनियर अनिल अग्रवाल की इस पुस्तक हठयोग के सिद्धांत में हठ प्रदीपिका, घेरण्ड संहिता, सिद्ध सिद्धांत पद्धती का विस्तार से उल्लेख किया गया है। इस अवसर पर प्रेम दुआ, अनुराग मलिक एवं डॉ. प्रमोद नंदवाल भी उपस्थित थे।

### अभ्यास मंडल व्याख्यानमाला समिति की बैठक संपन्न, कार्ड का विमोचन आज

**इन्दौर।** अभ्यास मंडल की 65 वी वार्षिक व्याख्यानमाला समिति की विशेष बैठक संपन्न हुई जिसमें शामिल सदस्यों ने आगामी व्याख्यान माला को लेकर चर्चा के साथ कुछ महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

# पांच लोगों की मौत के बाद अवैध रेत परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

### संयुक्त टीम ने रेत से भरे 20 वाहन किये जप्त



**ग्वालियर।** रविवार की सुबह हादसे से में पांच लोगों की मौत के बाद पुलिस और प्रशासन की नींद खुली और ग्वालियर में रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के खिलाफ आज बड़ी कार्रवाई की गई। विक्की फैक्ट्री के पास राजस्व, खनिज एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने आज सुबह त्वरित छापामार कार्रवाई कर अवैध रेत से भरे कुल 20 वाहनों को जप्त किया। इनमें 17 ट्रैक्टर–ट्रॉली, 2 मिनी ट्रक और एक अतिरिक्त ट्रॉली शामिल है। सभी वाहनों को झांसी रोड थाना अंतर्गत सुरक्षार्थ अभिरक्षा में रखा गया है। साथ ही मध्यप्रदेश खनिज अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण निवारण नियम 2022 के तहत कार्रवाई की गई है।

आज सुबह कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह के साथ कानून व्यवस्था का जायजा लेने निकली थीं। इसी दौरान ग्वालियरङ्कझाँसी रोड पर विक्की फैक्ट्री तिराहे के समीप रेत से भरी ट्रॉलियाँ खड़ी नजर आईं। कलेक्टर ने तुरंत राजस्व, पुलिस और खनिज विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर पहुँचकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। निर्देश के तत्काल बाद ही टीम मौके पर पहुँची और अवैध रेत परिवहन में संलिप्त वाहनों को पकड़ने में सफलता पाई।

कार्रवाई में अनुविभागीय दंडाधिकारी अतुल सिंह, तहसीलदार कुलदीप दुबे, सीएसपी सुश्री हिना खान, ट्रैफिक डीएसपी अजित सिंह चौहान, रक्षित निरीक्षक के.पी. तोमर, झांसी रोड थाना प्रभारी शक्ति सिंह, खनिज अधिकारी घनश्याम सिंह यादव, खनिज सर्वेयर प्रशांत सहित पुलिस व राजस्व अमला शामिल रहा। अवैध रेत कारोबार के विरुद्ध की गई यह त्वरित व प्रभावी कार्रवाई ने जिले में सख्त संदेश दिया है कि अवैध उत्खनन करने वालों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

# बजरंगगढ़ में कुएं से युवक का शव मिलने पर रहस्य गहराया



**गुना।** बजरंगगढ़ क्षेत्र में सुबह एक कुएं से युवक का शव मिलने के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान देवेंद्र सिंह निवासी पहाड़ा, थाना शाढ़ौरा जिला अशोकनगर के रूप में हुई है। वह दो दिन पहले अपनी ससुराल बजरंगगढ़ आया था और उसी रात से लापता हो गया था। परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। सुबह मरघट शाला के पास नदी किनारे बने एक कुएं में शव दिखने पर पुलिस को सूचना दी गई।

मृतक के भाई बुंदेल सिंह ने आरोप लगाया कि देवेंद्र की हत्या कर शव को कुएं में फेंका गया है। उनके अनुसार शव की उंगलियों और गर्दन पर चोट जैसे निशान नजर आ रहे थे, जिससे उन्हें हत्या की आशंका है। उन्होंने यह भी बताया कि ससुराल पक्ष से पहले भी विवाद की घटनाएं सामने आती रही थीं। वहीं मृतक की पत्नी भुरिया बाई ने कहा कि उसने देवेंद्र को फोन लगाकर नहीं बुलाया था। उसके अनुसार देवेंद्र मोटरसाइकिल रखकर गांव में शराब पीने चला गया था और संभव है कि नशे की हालत में कोई झगड़ा हुआ हो। वह खुद गिरा या किसी ने गिराया, इसकी जानकारी उसे नहीं है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की जांच शुरू कर दी है। घटना ने पूरे क्षेत्र में रहस्य और चिंता दोनों बढ़ा दिए हैं।

# एसआईआर पुनरीक्षण पर हु हा पुहः की स्थिति आमजन परेशान

**बुरहानपुर।** प्रदेश भर में एसआईआर. विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण) को लेकर व्यापक सक्रियता देखने को मिल रही है। भारत निर्वाचन आयोग ने वर्ष 2003 की मतदाता सूची को आधार बनाते हुए 21 वर्षों बाद मतदाता सूची के सत्यापन और अद्यतन का बड़ा अभियान शुरू किया है। लेकिन इसको लेकर हु हा पहु की स्थिति बनी हुई है लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत करने तथा प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह पुनरीक्षण अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस कार्य को सफल बनाने के लिए राज्य निर्वाचन आयोग ने बीएलओ को विशेष जिम्मेदारी सौंपी है। बीएलओ घर–घर जाकर मतदाताओं से संपर्क कर रहे हैं और उन्हें एसआईआर. पुनरीक्षण के फॉर्म प्रदान कर रहे हैं। इन फॉर्मों में नागरिकों को अपने नाम, पते, जन्मतिथि, परिवार के सदस्यों और पहचान से जुड़ी आवश्यक जानकारी भरनी है। लेकिन वर्ष 2003 की मतदाता सूची में अनेक परिवारों के नाम नहीं होने से लोगों में घबराहट देखी जा रही है आयोग के द्वारा वर्ष 2003 की मतदाता सूची को आधार तो बनाया गया है लेकिन यह सर्वे विद्युत है कि मतदाता सूचियां में अनेक परिवारों के नाम नहीं होना आम शिकायत है बावजूद इसके आयोग ने 2003 की मतदाता सूची को आधार बनाया है अब ऐसे में जिन परिवारों के नाम इस सूची में नहीं है वह परेशान देखे जा रहे हैं उनके लिए आयोग के द्वारा जो प्रक्रिया को निर्धारित किया गया है वह कठिन और जटिल होने से लोग परेशान हो रहे हैं मतदाताओं को इन फॉर्मों को ध्यानपूर्वक भरकर समय पर बीएलओ के पास जमा कराना आवश्यक है। आयोग का उद्देश्य यह है कि कोई भी पात्र मतदाता मतदान के अधिकार से वंचित न रहे एसएआईआर. पुनरीक्षण प्रक्रिया न केवल तकनीकी रूप से महत्वपूर्ण है, बल्कि नागरिकों में लोकतांत्रिक जागरूकता बढ़ाने का एक सशक्त माध्यम भी है।

### जुएं के अड्डे पर छापा, 84 हजार रुपए सहित 6 जुआरी गिरफ्तार, पुलिस को कार्रवाई के दौरान आते रहे नेताओं के फोन

**इन्दौर।** मुखबिर सूचना पर पुलिस ने कल देर रात एक जुएं के अड्डे पर छापा मार कार्यवाही करते छः जुआरियों को हिरासत में ले उनके पास से 84 हजार रुपए जब्त किए। मामला परदेशीपुरा थाना क्षेत्र का है और इस अड्डे पर पुलिस पहले भी दो बार कार्रवाई करने पहुंची थी परन्तु भनक लगने के बाद वहां से सभी फरार हो जाते थे और पुलिस को कुछ नहीं मिलता था। बताया जा रहा है जहां इस कार्रवाई के दौरान भी पुलिस को कार्रवाई रोकने के लिए नेताओं के फोन आएं थे। परन्तु थाना प्रभारी आर.डी. कानवा की टीम ने इस बार योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई करते यहा से अमित उर्फ रिंकू ठाकुर, नरेश यादव, राम यादव, ग्यारसीलाल उर्फ गुड्डी अंकल ठाकुर, डैनी मोर्य और रवि मालवीय को पकड़ा। ये सभी सभी आरोपी परदेशीपुरा स्थित एक दुकान के पीछे खाली पड़े प्लॉट में जुआ खेल रहे थे। बताया जा रहा है जहां गिरफ्तार डैनी मोर्य, कांग्रेस से पार्षद रहे धर्मेंद्र मोर्य का भाई है, जो अब बीजेपी में शामिल हो चुका हैं। वहीं, रिंकू ठाकुर खुद को एमआईसी मेंबर का भांजा बता रहा है उसके खिलाफ करीब एक दर्जन अपराध दर्ज हैं। गुड्डी अंकल पर भी लूट, हत्या के प्रयास और मारपीट सहित कई मामले दर्ज हैं। बताया जा रहा है कि इस छापे के दौरान भी बीजेपी नेताओं के फोन आते रहे, लेकिन वरिष्ठ अधिकारियों ने किसी की भी बात नहीं मानी और कार्रवाई कर दी।

# क्राइम ब्रांच में पेश हुआ एक्टर एजाज खान, मोबाइल जब्त कर, लिए बयान




### बदमाश सलमान लाला की मौत के बाद साम्प्रदायिक माहौल बिगाड़ने की वीडियो और पोस्ट का मामला

**इन्दौर।** पुलिस से भागने के दौरान विगत दिनों इन्दौर में बदमाश सलमान लाला की बरसाती तालाब में डूबकर हुई मौत के बाद उसकी समर्थन में भड़काऊ वीडियो बनाने वाला एक्टर एजाज खान कल अपने खिलाफ जारी नोटिस के जवाब में इंदौर क्राइम ब्रांच में पेश हुआ जहां पुलिस ने उससे पूछताछ कर उसका मोबाइल जब्त किया और उसका नोटिस तलब करवा वैधानिक कार्रवाई पूरी कर उसे छोड़ा। बता दें कि एक्टर एजाज़ खान ने बदमाश सलमान लाला की मौत के बाद अपने सोशल अकाउंट पर उसके समर्थन में एक विडियो पोस्ट किया था जिसे पुलिस ने भड़काऊ मान उसे नोटिस जारी किया था इस मामले में क्राइम ब्रांच ने नोटिस जारी किया था इसके बाद वह अपने वकील के साथ कल इंदौर आया और इंदौर क्राइम ब्रांच एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया से मिला और उसने अपने कृत्य को लेकर माफी भी मांगी। जिसके बाद क्राइम ब्रांच ने एजाज खान का मोबाइल जब्त कर मामले में उसके बयान भी दर्ज किए हैं। बता दें कि बदमाश सलमान लाला की मौत के बाद उसके समर्थन में एक्टर एजाज खान ने अपनी पोस्ट में लिखा था कि – मुझे ऐसा लगता है कि वह समंदर में तैरने वाला बहुत बड़ा तैराक था। समंदर में तैरने वाले तालाबों में डूबकर नहीं मरा करते। अगर वह गैंगस्टर था, तो उसका गुनाह यह नहीं था कि वह गैंगस्टर था, गुनाह यह था कि वह मुसलमान था– इसलिए उसे मार दिया गया।

बदमाश सलमान लाला की मौत के बाद एजाज खान की इस पोस्ट पर उसके खिलाफ घटना को सांप्रदायिक रूप देने के मामले में एफआईआर दर्ज की गई थी। एजाज खान ने एक वीडियो में भी सलमान के लिए कहा था कि वह वर्ग विशेष का था, इसलिए पुलिस ने उसे मार दिया। जबकि इस मामले में सलमान के एनकाउंटर जैसे किसी भी तरह के साक्ष्य मौके पर नहीं मिले थे।

# जनभागीदारी से ही बनेगा इंदौर ट्रैफिक में नंबर वनः महापौर

### बिगड़ते ट्रैफिक और बढ़ते सड़क हादसों को लेकर इन्दौर प्रेस क्लब में परिचर्चा आयोजित

**इन्दौर।** ट्रैफिक शहर की सबसे बड़ी समस्या है। इसे हल करने की कोशिश की हमने की। हो सकता है कि हम पांच साल में ज्यादा सफल न हो पाए, लेकिन कुछ तो बदलाव होगा। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक की समस्या को सुधारने का एक ही फार्मूला है कि खुद गलती न करे और दूसरों को नियमों का उल्लंघन करने से रोके। ट्रैफिक सुधार के लिए अब शहर में माहौल बनाने लगा है। ट्रैफिक सुधार के लिए ट्रैफिक इंजीनियरिग और जागरूकता और सुविधा जरूरी है। हमने इस दिशा में काम किया है। ट्रैफिक में इंदौर को नंबर वन बनाने के लिए जनभागीदारी आवश्यक है। यह बात महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कही। वे इंदौर प्रेस क्लब द्वारा इंदौर में हो रहे हादसों का जिम्मेदार कौन विषय पर आयोजित परिचर्चा में बोल रहे थे। इस परिचर्चा के माध्यम से शहर के सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने अपने विचार साझा किए और समस्या का कैसे समाधान हो, इस पर शहर के जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्धजनों व सामाजिक संगठनों ने मंथन किया।

महापौर भार्गव ने कहा कि इस बार शहर में गड्ढों की संख्या ज्यादा रही। मै इस बात को स्वीकार करता हूं। हमने ड्रेनेज, सीवरेज, पेयजल लाइनों को भविष्य के हिसाब से डाल रहे है। इस कारण खुदाई हो रही है।इस कारण शहवासियों को परेशानी भी हो रही है। मेयर ने कहा कि इंदौर प्रेस क्लब हमेशा शहर से जुड़े मुद्दों को उठता है और समाधान के प्रयास करता है। ट्रैफिक को लेकर आयोजित चर्चा में आए सुझाव भी महत्वपूर्ण है। उन पर अमल किया जाएगा।

परिचर्चा में डीसीपी ट्रैफिक आनंद कलादगी ने बताया कि इंदौर में सड़क हादसों में कमी आई है। सड़क सुरक्षा पर भी ट्रैफिक पुलिस काम कर रही है। इंदौर में 33 लाख वाहनों की संख्या है। इंदौर की जनसंख्या 35 लाख है। 700 ट्रैफिक जवान शहर के ट्रैफिक को संभालते है। चौराहों पर ट्रैफिक सिग्नल लगाए है। वाहन चालकों पर निगरानी के लिए ट्रैफिक पुलिसकर्मी तैनात करना पड़ते है। जनभागीदारी को लेकर हम लगातार काम कर रहे है। इंदौर में हादसों में सबसे ज्यादा मौतें हेलमेट नहीं पहनने से हो रही है। ई रिक्शा के रुट भी निर्धारित किए जा रहे है।

एडीएम रोशन राय ने कहा कि प्रशासन ने नो हेलमेट नो पेट्रोल का आदेश निकाला, जिसका काफी विरोध हुआ, जबकि हेलमेट वाहन चालक की सुरक्षा के लिए है। एक परिवार में दो तीन गाडि?ं रखना अब आम बात हो गई है। ट्रैफिक के मामले में आत्म नियंत्रण जरुरी है।

प्रारंभ में विषय की प्रस्तावना रखते हुए इंदौर प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष अरविंद तिवारी ने कहा कि शहर का यातायात व्यवस्थित रहे और बेकाबू होकर दौड़ रहे वाहनों की गति को नियंत्रित करने का जिम्मा है।

# संदिग्धावस्था में घायल युवक की मौत, तीन हिरासत में, मामला हत्या का



**इन्दौर।** किराए विवाद में एक युवक की हत्या के बाद पुलिस ने तीन संदिग्धों को पकड़ा है, जिनमें एक ऑटो रिक्शा चालक भी शामिल है। मामला चंदन नगर थाना क्षेत्र का है।? चंदन नगर थाना पुलिस के अनुसार मृतक का नाम संजू पिता रतन ठाकुर उम्र पच्चीस साल है। शुक्रवार देर रात वह जवाहर टेकरी क्षेत्र में घायल अवस्था में मिला था जिसके राहगीरों एमवाय अस्पताल पहुंचाया, जहां शनिवार सुबह करीब 10 बजे उसकी मौत हो गई। वह शुक्रवार को अपने दोस्तों के साथ एक दोस्त की शादी में गया था। प्रारंभिक जांच में मामला हादसे का लग रहा था, लेकिन बाद में सामने आया कि किराए को लेकर हुए विवाद में मृतक संजू की कुछ लोगों ने पिटाई की थी। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में भी उसके हाथ–पैर पर चोटों के निशान और सिर पर गंभीर चोट पाई गई। संजू का भाई नरेंद्र जो कि खुद भी वाहन चालक हैं उसने पुलिस को बताया कि अस्पताल से सूचना मिली थी कि संजू के सिर पर चोट लगी है। पहले उन्हें बताया गया था कि वह कहीं गिर गया था। शुक्रवार रात वह दो साथियों के साथ फैक्ट्री में काम करने वाले एक अन्य साथी की शादी में शामिल होने गया था। और शादी से लौटते समय तीनों ऑटो रिक्शा में बैठ रहे थे, तभी किराए को लेकर संजू की ऑटो चालक और उसके साथियों से कहासुनी हो गई। इस विवाद के बाद आरोपियों ने संजू की बुरी तरह पिटाई कर दी। मारपीट के बाद दोस्त डर के कारण मौके से भाग गए। बाद में संजू के अस्पताल में भर्ती होने की जानकारी सामने आई। जानकारी मिलने के बाद पुलिस मारपीट करने वाले तीन संदिग्धों की पहचान कर उन्हें थाने लाई तथा उनसे पूछताछ की जा रही है।

# नवजात की मौत - परिजनों ने अस्पताल पर लापरवाही का आरोप लगा किया हंगामा, पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन दिया

इन्दौर (ईएमएस) एक नवजात की मौत के बाद गुस्साये परिजनों ने अस्पताल पर इलाज के नाम पर ज्यादा राशि वसूली करने और लापरवाही का आरोप लगाते हंगामा किया। मामला इन्दौर के पलासिया स्थित कोरल अस्पताल का है। हंगामे की सूचना पर अस्पताल पहुंची पुलिस से परिजन ने कहा कि डॉक्टरों ने उनसे झूठ बोला। उसकी मौत यहीं हो गई थी। इलाज के नाम पर भी ज्यादा राशि वसूली गई। उन्होंने नवजात की मौत की जांच की मांग की है । मामले में एसीपी विनोद दीक्षित के अनुसार नवजात के शव का एमवाय में पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण पता चलेगा। जिसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी। मामला महू निवासी श्रद्धा पति मोनू कौशल का जिसे गर्भावस्था में हार्ट बीट बढ़ने के बाद पहले महू के अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने दोनों को खतरा बता सातवें माह में ही डिलीवरी कराने की सलाह दी। इस पर परिवार की सहमति के बाद डिलीवरी कराई गई और नवजात की प्री–मेच्युअर होने के चलते कमजोर होने पर उसे न्यू पलासिया स्थित कोरल हॉस्पिटल में एनआईसीयू में एडमिट किया गया। मामले में बताया जा रहा है कि तीन दिनों से नवजात की हालत और खराब हो गई तो अस्पताल प्रबंधन ने उसे एमवाय अस्पताल रैफर करने की सलाह दी। जब परिजन उसे एमवाय अस्पताल ले गए तो वहां उसकी मौत हो गई। इसके बाद गुस्साये परिजन नवजात को शव लेकर कोरल अस्पताल पहुंचे और डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगा हंगामा मचा दिया। फिलहाल पुलिस ने उन्हें समझा कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

### एसजीएसआईटीएस कॉलेज में छात्रा से एचओडी ने की हरकत, डायरेक्टर ने पद से हटा बैठाई जांच कमेटी

**इन्दौर।** देश के प्रतिष्ठित कालेजों में शुमार इन्दौर के एसजीएसआईटीएस कॉलेज में छात्रा के साथ हरकत करने वाले एचओडी को छात्रा की शिकायत पर कार्रवाई करते डायरेक्टर ने प्रभारी पद से हटा उसके खिलाफ जांच हेतु मामला जांच कमेटी को सौंप दिया है। अब कमेटी इस पूरे मामले की जांच करेगी। वहीं एचओडी ने अपने उपर लगाएं आरोपों को गलत बताया है। मामले में बताया जा रहा है कि एसजीएसआईटीएस कॉलेज के डायरेक्टर से वहां की एक छात्रा ने एचओडी संदीप घोंघाड़े की शिकायत करते कॉलेज डायरेक्टर को बताया था कि वह इलेक्ट्रिकल डिपार्टमेंट के एचओडी घोंघाड़े के केबिन में गई और उन्हें अपनी परेशानी बताई तो एचओडी ने उसकी कमर में हाथ डालकर कहा कि ईयर बैक हो गया है, लेकिन तुझे पास करा दूंगा। इससे छात्रा घबरा गई और रोते हुए कैबिन से बाहर आई। इस दौरान कैबिन से थोड़ा दूर खड़ी दूसरी फैकल्टी भी आश्चर्य में पड़ गई। मामले में कॉलेज डायरेक्टर प्रोफेसर नीतेश पुरोहित का कहना है कि मामले में कमेटी की रिकमेंडेशन के बाद संदीप घोंघाड़े को एचओडी के पद से, पढ़ाई और एग्जाम के काम से हटा दिया गया है। वहीं एक्टिंग डायरेक्टर गिरिश ठकार के अनुसार इस मामले को जो डेजिग्नेशन कमेटी देख रही है उसमें बाहर के मेंबर भी शामिल किए गए है। कमेटी पूरे मामले की जांच करेगी। कॉलेज स्तर पर जो हम कर सकते वह हमने कर दिया है।

## » न्यूज कैप्सूल »

### भारतीय जनता मजदूर संघ में नई जिम्मेदारी - हरेंद्र राजा हुए राष्ट्रीय सचिव नियुक्त



**ललितपुर।** भारतीय जनता मजदूर संघ देशभर में संगठित एवं असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों तथा उनके परिवारों के कल्याण के लिए सतत रूप से कार्यरत एक अग्रणी राष्ट्रीय संगठन है। श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा और उनके सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए संगठन द्वारा अनेक महत्वपूर्ण पहल की जाती हैं। इसी क्रम में आज संगठन के माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय श्री शांत प्रकाश जाटव जी ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए श्री हरेंद्र राजा को सचिव, राष्ट्रीय गौपालक श्रमिक सशक्तिकरण एवं कल्याण बोर्ड के पद पर मनोनीत किया है। नई जिम्मेदारी मिलने पर संगठन में उत्साह का वातावरण है। यह नियुक्ति गौपालक श्रमिकों के हितों, उनकी समस्याओं के निराकरण और उनके सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। भारतीय जनता मजदूर संघ ने श्री हरेंद्र राजा को उनके उज्ज्वल भविष्य और दायित्वों के सफल निर्वहन के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

### सूने घर से मोबाइल व 10 हजार की नकदी चोरी

**ललितपुर।** थाना सौजना क्षेत्रांतर्गत ग्राम गौना निवासी भूपेन्द्र सिंह राजा पुत्र शिवेन्द्र सिंह ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 14 नवम्बर को रात करीब 11 बजे वह अपने पुत्र रिशव राजा का इलाज कराने टीकमगढ़ गया हुआ था, जब वह इलाज कराकर रात करीब ढाई बजे वापस घर आया तो उसने देखा कि घर का ताला टूटा हुआ था और घर के अंदर से एक मोबाइल फोन व दस हजार रुपये की नकदी चोरों ने चोरी कर लिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 331 (4) व 305 (ए) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### बाइक की टक्कर से घायल हुए युवक की मौत

**ललितपुर।** महानगर झांसी के थाना बबीना अंतर्गत पोस्ट घिसौली के ग्राम बधौरा में रहने वाली सुनीता ने रिपोर्टिंग चौकी राजघाट पुलिस को तहरीर दी है। तेईस अक्टूबर को दोज का टीका करने के लिए अपने मायके ग्राम थनवारा गयी हुयी थी। रात करीब 10.30 बजे पति मनीराम पुत्र रामलाल अपनी मोटर साइकिल नं. यू.पी.93 ए.एस. 9350 से ढावा पर से खाना खाकर वापस आ रहा था। राजघाट नहर के पास तेज गति व लापरवाही से ललितपुर की ओर आ रही मोटर साइकिल नं. यू.पी.94 ए.डी. 8226 के चालक ने पीछे से ओवरटेक करते वक्त साइड से उसके पति की मोटर साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया। तभी पीछे से आ रहे थनवारा निवासी विनोद पुत्र पूरन व मिर्चवारा निवासी देवेन्द्र पुत्र गंगाराम ने उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां हालत गंभीर होने पर उनके पति को चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर कर दिया, जहां हालत में सुधार न होते देख झांसी से उन्हें ट्रामा सेंटर ग्वालियर रेफर कर दिया। ग्वालियर में उपचार के दौरान 29 अक्टूबर को रात 8 बजे उसके पति की मौत हो गयी। पुलिस ने महिला की तहरीर पर उक्त बाइक चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (बी) व 106 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### मारपीट कर युवक को धमकाया

**ललितपुर।** तालबेहट के ग्राम बिजरौठा अंतर्गत मजरा नोर निवासी राजू कुशवाहा पुत्र बाबूलाल ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 13 नवम्बर को आम रास्ता की नाले की पुलिया पर बैठा हुआ था, तभी गांव के राजकुमार उर्फ भोला पुत्र रतनलाल कुशवाहा, महिरवान पुत्र बाबूलाल कुशवाहा ने उसके साथ गालियां देते हुए मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है।

### बाइक की टक्कर से युवक घायल

**ललितपुर।** महरौनी के ग्राम छपटर निवासी सुरेश कुमार पुत्र जानकी ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि बती 13 नवम्बर को अपराह्न 12 बजे जब वह छपरट में पटरी पर साइड से पैदल घर आ रहा था, तभी पीछे से बिरधा निवासी अज्ञात मोटर साइकिल नं. यू.पी.94 ए.डी. 1936 था उसने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। उसे उपचार के लिए महरौनी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित ने बताया कि बिरधा निवासी जुगल बाइक चला रहा था। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर बीएनएस की धारा 281, 125 (ए), 125 (बी) के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

### एम्बुलेंस ईएमटी व पायलट ने बचायी युवक की जान

**ललितपुर।** शाम की शाम करीब शाम 6 बजे थाना ललितपुर क्षेत्र अंतर्गत मैलवाराखुर्द निवासी 40 वर्षीय जगदीश राय पुत्र कनाई ने अज्ञात कारणों के चलते विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। जगदीश की हालत बिगडने पर परिजनों ने तत्काल 108 एम्बुलेंस के लिए फोन किया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची एम्बुलेंस संख्या यू.पी.32 ई.जी. 4288 में समय प्राथमिक उपचार दिया। ईएमटी हरिशंकर व पायलट अखिलेश ने मरीज को तत्काल प्राथमिक उपचार देते हुए सावधानीपूर्वक जिला अस्पताल पहुंचाया।

# नगर में ट्रैफिक व्यवस्था चरमराई, नवंबर का आधा वक्त निकल गया पर हालत जस की तस

## अभियान कागजों में तेज, मैदान में ढीला, नवंबर का यातायात माह भी नहीं सुधार सका शहर की स्थिति





**संवाददाता देवेन्द्र साहू**

**ललितपुर।** नवंबर को यातायात माह के रूप में मनाया जा रहा है, लेकिन माह का आधा समय बीतने के बावजूद यातायात व्यवस्था में न तो सुधार दिख रहा है और न ही जिम्मेदार विभागों की सक्रियता। शहर की मुख्य सड?ों से लेकर बाजारों तक अव्यवस्थाओं का ऐसा जाल है कि रोजाना हजारों लोग जाम, अवैध पार्किंग, अतिक्रमण और बेपरवाह ड्राइविंग की वजह से परेशान हो रहे हैं। सड? सुरक्षा के नाम पर बड़े-बड़े पोस्टर जरूर लगाए गए हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर दिखाई देने वाली स्थिति इसके बिल्कुल उलट है। सबसे चिंताजनक यह है कि जिसे लेकर पूरे महीने जागरूकता अभियान चलाया जाना था, वही व्यवस्था अभी तक की पूरी तरह अस्त-व्यस्त पड़ी है। वहीं दूसरी ओर वाहन चालक बिना हेलमेट, नो पार्किंग में वाहन खड़े करने और ओवरलोडिंग जैसे नियमों को खुलकर धता बता रहे हैं। खास बात यह है कि यातायात पुलिस और नगर पालिकाकृदोनों विभागों के बीच अतिक्रमण हटाने और व्यवस्था सुधारने को लेकर तालमेल का अभाव साफ नजर आ रहा है। शहर के सबसे व्यस्त मार्गकृकस्बा रोड, झांसी रोड, सब्जी मंडी, बस स्टैंड और घंटाघर क्षेत्र में स्थिति सबसे बदतर है। दुकानदारों द्वारा फुटपाथ व सड? तक फैलाया गया अतिक्रमण इतना बढ़ चुका है कि पैदल चलने वालों तक के लिए जगह नहीं बची। कई बार यातायात पुलिस ने अभियान की घोषणा की, लेकिन कार्रवाई सिर्फ एक-दो दिन तक सीमित रहकर फिर ठंडे बस्ते में चली गई। वहीं ठेले-खोमचे के कब्जे, दो पहिया वाहनों की अवैध पार्किंग और ऑटो चालकों की मनमानी ने स्थिति को और खराब कर दिया है।

### आधा महीना बीता पर सड? अब भी जाम में जकड़ी

स्थानीय लोगों का कहना है कि नवंबर का आधा समय निकल चुका है, लेकिन न तो स्थायी अतिक्रमण हटाए गए और न ही नियमित चेकिंग अभियान चलाया गया। ट्रैफिक पुलिस समय-समय पर चालान जरूर करती है, पर उन जगहों पर नियंत्रण नहीं कर पाती जहां रोजाना जाम लगता है। सुबह और शाम के समय लोग 300 से 400 मीटर की दूरी तय करने में भी 15-20 मिनट बर्बाद कर देते हैं। इससे न सिर्फ आमजन का समय खराब होता है, बल्कि एम्बुलेंस और मरीजों को ले जाने वाले वाहनों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। यातायात माह का असली उद्देश्य लोगों को सड? सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक करना, अव्यवस्थाओं को पहचानकर दूर करना और बेहतर ट्रैफिक सिस्टम स्थापित करना था, लेकिन हकीकत इससे बिलकुल उलट दिखाई दे रही है।

### खूब चल रहे जागरूकता कार्यक्रम फिर भी शहर जाम में उलझा

भले ही यातायात पुलिस द्वारा जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, लेकिन शहर का जाम और अवैध कब्जों का संकट जस का तस बना हुआ है। विशेषज्ञों का कहना है कि यातायात माह सिर्फ औपचारिकता बनकर रह गया है, जबकि आवश्यकता है कि पूरे महीने के दौरान पुलिस, प्रशासन और नगर पालिका मिलकर निरंतर अभियान चलाएं। ट्रैफिक सिग्नल दुरुस्त हों, दुकानदारों को सीमा में रखा जाए, फुटपाथों को मुक्त कराया जाए और सार्वजनिक स्थानों पर स्थायी पार्किंग व्यवस्था विकसित की जाए। यह भी जरूरी है कि स्कूल-कॉलेज के छात्रों, व्यापारियों और स्थानीय संगठनों के साथ मिलकर बड़े स्तर पर जन-जागरूकता अभियान चलाया जाए। जनता की अपेक्षाओं के अनुसार, यदि नवंबर को यातायात सुधार का महीना घोषित किया गया है, तो इसका असर सड?ों पर भी नजर आना चाहिए। आधा महीना बीतने के बाद भी यदि व्यवस्था बदहाली की हालत में है, तो जिम्मेदार विभागों की कार्यशैली पर सवाल उठना स्वाभाविक है।

### शहर में ट्रैफिक बिगाडने वाली मुख्य वजहें

ललितपुर शहर की अव्यवस्थित यातायात स्थिति के पीछे सबसे बड़ी वजह लगातार बढ़ता अतिक्रमण, सड? किनारे खड़े ठेले-खोमचे और दुकानदारों द्वारा फुटपाथों पर फैलाया गया कब्जा है, जिससे सड? का वास्तविक चौड़ाई हिस्सा कम हो जाता है और वाहनों की आवाजाही बाधित होने लगती है। इसके साथ ही ट्रैफिक पुलिस की सीमित मौजूदगी और अनियमित चेकिंग के कारण वाहन चालकों में नियमों के प्रति अनुशासन नहीं बन पाता। बाइक सवारों का बिना हेलमेट चलना, ऑटो और ई-रिक्शा चालकों की मनमानी, बसों का अनियमित स्टॉपेज, अवैध पार्किंग और नगर पालिका की ओर से स्थायी अतिक्रमण पर प्रभावी कार्रवाई न होना नगर की यातायात व्यवस्था को रोजाना अवरुद्ध करने का काम करता है। सबसे ज्यादा प्रभावित क्षेत्र झांसी रोड, घंटाघर, सब्जी मंडी, बस स्टैंड और कस्बा रोड हैं, जहां सुबह से रात तक भीड़, जाम और अस्त-व्यस्त पार्किंग का एक स्थायी दृश्य देखने को मिलता है। विशेषज्ञों के अनुसार जब तक इन प्रमुख कारणों पर संयुक्त रूप से सख्त और निरंतर कार्रवाई नहीं होगी, तब तक ट्रैफिक सुधार सिर्फ कागजों और बैठकों तक ही सीमित रहेगा।

# दलदल में फसा ट्रैक्टर, दर्द से कराहती रही माँ, सुविधाओं के अभाव में जंगल में हुआ बच्ची का जन्म





## कब और कैसे सुधरेंगे हालात..?

## आकांक्षी ब्लॉक के वनांचल में मूलभूत सुविधाओं को तरसते बाशिंदे, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

**मड़ावरा।** विकास खंड मड़ावरा क्षेत्र के ग्राम गोठरा के समीप एक महिला ने ट्रैक्टर - ट्रॉली में बच्ची को जन्म दिया है। वह प्रसव के लिए मड़ावरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जा रही थी, इसी बीच खराब रास्ते में ट्रैक्टर -ट्रॉली फंस गई। जिससे वहीं पर प्रसव कराना पड़ा। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जो दो दिन पुराना बताया जा रहा। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आकांक्षात्मक ब्लाक मडावरा के वनांचल में बसी ग्राम पंचायत वनगुंवा के मजरा गोठरा निवासी लक्ष्मी को प्रसव पीड़ा हुई, तो उसके परिजन ट्रैक्टर - ट्रॉली से उसे मड़ावरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए निकले। घर से कुछ दूर पहुंचते ही बदहाल कच्चे रास्ते में उनकी ट्रॉली फंस गई। इसके बाद करीब 5 घंटे तक ग्रामीण उसे निकालने के लिए जद्दोजहद करते रहे, लेकिन ट्रैक्टर - ट्रॉली नहीं निकली। इसी दौरान लक्ष्मी दर्द से कराहती रही और मजबूरन लक्ष्मी की सास ने ट्रैक्टर - ट्रॉली में ही प्रसव कराया। इस घटना का ग्रामीणों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। बता दें कि गोठरा गांव घने जंगल के बीच स्थित है। गोठरा से ग्राम ठनगना के बीच लगभग 7 किलोमीटर का रास्ता कच्चा है, जिस पर पक्की सड? का अभाव है। इस कारण एम्बुलेंस जैसी आपातकालीन सेवाएं गांव तक नहीं पहुंच पातीं। ग्रामीणों को अस्पताल जाने के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉली का सहारा लेना पड़ता है। जंगल में खूंखार जानवरों की मौजूदगी भी ग्रामीणों के लिए एक अतिरिक्त खतरा बनी रहती है। यह उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत वनगुंवा के मजरा हीरापुर, पापड़ा, गोठरा और बारई आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। इन गांवों में बिजली और सड? जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव है।

### सुध नहीं लेते जिम्मेदार

क्षेत्र के रहवासियों का कहना है कि जिम्मेदार यहां की कभी सुध नहीं लेते वह किस प्रकार सुविधाओं के अभाव में रह-गुजर कर रहे यह किसी से छिपा नहीं है, फिर भी यहां विकास की किरण नहीं पहुंची। जीवन यापन करना किसी चुनौती से कम नहीं। बरसात के दिनों में यहां समस्या और अधिक बढ़ जाती। जहाँ बीमार होने पर लोगों को चारपाई पर रखकर उपचार के लिए ले जाना पड़ता है।

# नशामुक्त गांव बनाने के लिए पंचायत ने लिए कड़े निर्णय

## विकासखंड महरोनी के ग्राम पडवां मे आयोजित की गयी सर्वसमाज की महापंचायत

**ललितपुर।** वर्तमान मे ललितपुर जनपद के ग्रामीण क्षेत्र मे नशाखोरी के बढ़ते चलन को लेकर ग्रामीणों मे आक्रोश देखा जा रहा, वहीं गाँवो मे किराने की दुकानों पर अवैध तरीके से बिक रही शराब को लेकर भारी गुस्सा है। सरकारी शराब के ठेको पर जब देर रात दस बजे के बाद सुबह दस बजे तक शराब का बिकना बंद हो जाता तब रात भर किराने की दुकानों पर शराब उपलब्ध रहती है ऐसे मे शराब के आदी लोग पूरी रात किराने की दुकानों से शराब खरीदकर पीते है और नशे मे धुत होकर गाँवो की गलियों, चौराहो पर खुलेआम उत्पात मचाते देखे जाते है, इतना ही नहीं वह अपने घरों मे भी परिजनों की मारपीट करते रहते है।

इन परिस्थितियों से तंग आकर जनपद के गाँवो मे अब नशामुक्ति को लेकर अभियान शुरू हो गया है, जनपद के दर्जनों गाँवो मे पंचायतो का आयोजन हो रहा है जिसमे गाँव गांव के सर्वसमाज के लोग, महिलाये एक जुट हो रहे है और पंचायत के लोग शराबियों को लेकर कड़े निर्णय ले रहे है। जनपद के गांव मे चल रही नशामुक्त गांव बनाने की इस मुहिम मे विकासखंड महरोनी के ग्राम पडवां मे रविवार को सर्वसमाज की बैठक आयोजित की गयी जिसमे पंचो ने व ग्रामीणों ने शराबियों को समझाया व उन्हें नशा छोडने हेतु प्रेरित किया इस दौरान पंचायत मे विभिन्न कड़े प्रस्ताव पारित हुए। पंचायत ने पहला निर्णय लिया कि यदि कोई ग्रामीण गांव मे अवैध तरीके से शराब, गांजा जैसी नशीली चीजों की बिक्री करता पाया जाता है तो उस व्यक्ति से इक्यावन हजार का अर्थ दंड वसूला जायेगा और उसका पांच वर्ष के लिए सर्वसमाज से बहिष्कार किया जायेगा। अर्थदंड अदा नहीं करने पर गांव के लोग उसपर कानूनी कार्यवाही कराएंगे। पंचायत ने दूसरा निर्णय लिया कि यदि कोई व्यक्ति नशे मे धुत होकर गांव के सार्वजनिक स्थलों मोहल्ले, चौराहे, स्कूलों के आसपास उत्पात करता पाया जाता है।

# पहल: मानसरोवर तालाब हुआ प्लास्टिक मुक्त



## आमजन के सहयोग से दिखने लगा बड़ा परिवर्तन

## प्रकृति रक्षकों के अभियान का असर हजारिया घाटों पर साफ दिखाई दिया

**तालबेहट।** कभी कचरे और प्लास्टिक से भरे दिखने वाले मानसरोवर तालाब के हजारिया घाट अब नई तस्वीर पेश कर रहे हैं। घाटों पर फैले कचरे का नामोनिशान मिट चुका है और पूरा क्षेत्र अब प्लास्टिक मुक्त होकर साफ-सुथरा नजर आ रहा है। यह बदलाव किसी सरकारी अभियान का नहीं, बल्कि आमजन के सहयोग और प्रकृति रक्षकों के संकल्प का परिणाम है।

स्वच्छता को नारे से आगे बढ़ाकर संस्कृति का रूप देने वाले प्रकृति रक्षकों ने पिछले कुछ दिनों से लगातार तालाब की सफाई कर परिवर्तन कर दिखाया है। प्रकृति रक्षक विक्रांत सिंह ने बताया कि अब अगला लक्ष्य 'अंदर कोट' के घाटों को पूरी तरह प्लास्टिक मुक्त और जलकुंभी मुक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि जब नागरिक अपनी जिम्मेदारी समझकर आगे आते हैं, तब ही स्वच्छ और सुंदर तालाब का सपना साकार होता है। प्रकृति रक्षकों का मानना है कि जब अभियान केवल सरकारी कार्यक्रम न रहकर जनता का संकल्प बन जाए, तब वास्तविक परिवर्तन संभव होता है। स्थानीय लोगों में भी जागरूकता बढ़ रही है और सहयोग की भावना मजबूत हो रही है। लोगों से अपील की गई कि तालाब में कोई भी प्रकार का कचरा न डालें और उसे साफ, सुंदर और स्वस्थ रखने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। अभियान में राधिका तिवारी, नैनेशी कुशवाहा, विक्रांत सिंह गौर, विशाल रावत, मुकुल झा, उदित गोस्वामी, संदेश चौबे, शिवम् दुबे, रोहित रैकवार, राजकुमार झा, प्रदुम्न साहू, मनीष शुक्ला, राजेंद्र शर्मा, विशाल परमार, जीतू राजा, रोहित साहू, चेतन बबेले, राहुल द्विवेदी, सागर चौहान, नगर पंचायत अध्यक्ष पुनीत सिंह परिहार, शिवम् रजक सहित बड़ी संख्या में प्रकृति रक्षक मौजूद रहे।

# पाली में अग्निवीर भर्ती ट्रायल सम्पन्न, 1600 मीटर में चन्द्रपाल व 800 मीटर में अनुज रहे अव्वल

**पाली।** पाली खेल स्टेडियम में फ्यूचर स्टार एकेडमी एवं बुन्देलखण्ड लाइव टीवी के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को अग्निवीर भर्ती ट्रायल का भव्य आयोजन किया गया। ट्रायल में आसपास के कई क्षेत्रों से आए युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और दमदार प्रदर्शन करते हुए अपनी फिटनेस का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अमर विश्वकर्मा (जिला पंचायत सदस्य) एवं मनीष कुमार तिवारी (नगर पंचायत अध्यक्ष) द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर भगवान दास प्रजापति, देवेंद्र अहिरवार, विनोद यादव सहित अन्य अतिथि मौजूद रहे। अतिथियों का स्वागत फ्यूचर स्टार एकेडमी और बुन्देलखण्ड लाइव टीवी की टीम ने रोली लगाकर व माल्यार्पण कर किया। मुख्य अतिथि अमर विश्वकर्मा व अध्यक्ष मनीष तिवारी ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि अग्निवीर भर्ती जैसे आयोजनों से युवाओं में ऊर्जा और अनुशासन बढ़ता है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। अमर विश्वकर्मा जिला पंचायत सदस्य ने कहा कि आप सभी युवा अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें और सभी सरकारी भर्तीयों में भाग लें और अपने क्षेत्र का नाम रोशन करें। नगर पंचायत



अध्यक्ष मनीष कुमार तिवारी ने कहा कि आप सभी युवा गलत संगति में पढ़ें। मोबाइल पर सोशल मीडिया का सही जगह और तरीके से इस्तेमाल करें, सभी प्रकार के नशों से दूरी बनाए रखें नगर पंचायत अपने सपनों को साकार करने के लिए हर संभव मदद करने को हमेशा तैयार है। 800 मीटर दौड़ में अनुज अव्वल, 800 मीटर दौड़ में प्रतिभाओं ने कड़ी प्रतिस्पर्धा दिखाई। अनुज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 2 मिनट 28 सेकंड में दौड़ पूरी कर प्रथम स्थान हासिल किया। शनि ने 2 मिनट 19 सेकंड समय लेकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। नीलेश ने 2 मिनट 22 सेकंड के साथ तृतीय स्थान पर जगह बनाई। 1600 मीटर दौड़ में चमके चन्द्रपाल, लंबी दूरी की 1600 मीटर दौड़ में भी खिलाडि?ों ने अपनी फिटनेस का दमखम दिखाया। चन्द्रपाल ने 4 मिनट 49 सेकंड में दौड़ पूरी कर पहला स्थान प्राप्त किया। अभिषेक ने 4 मिनट 49 सेकंड 90 प्वाइंट के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। दिनेश ने 4 मिनट 51 सेकंड समय लेकर तीसरा स्थान पाया। इस दौड़ में सत्यभान, जयहिंद, रामसिंह, आकाश, अमित, मुकीम कुरैशी, शैलेन्द्र यादव, मुकन, रोहित, रेशू सहित कई अन्य युवाओं ने भी प्रतिभाग किया और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

### आयोजकों ने बढ़ाया युवाओं का हौसला

टाइगर एकेडमी ललितपुर के सुनील कुमार राजपूत ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं को सैन्य भर्ती जैसी प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। फ्यूचर स्टार एकेडमी पाली के पुष्पेंद्र ठाकुर ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि जो युवा इस बार पीछे रह गए, वे और बेहतर तैयारी करें, अगली जीत उनकी होगी। बुन्देलखण्ड लाइव टीवी के जगदीश राय 'मोनू' ने समापन संबोधन में सभी प्रतिभागियों, अतिथियों और आयोजन समिति का आभार जताते हुए कहा कि पाली खेल स्टेडियम में युवाओं को प्रोत्साहित करने वाले ऐसे कार्यक्रम आगे भी निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि युवा अपनी तैयारी में किसी भी प्रकार की लापरवाही न करें। कार्यक्रम के सफल आयोजन से क्षेत्र में उत्साह और जोश का वातावरण देखने को मिला।

» न्यूज कैप्सूल »

## महारानी लक्ष्मीबाई के जन्मदिन पर होंगे दो दिवसीय कार्यक्रम

**झांसी।** श्री लक्ष्मी व्यायाम मंदिर मातृ संस्था बुन्देलखण्ड सेवा मण्डल महारानी लक्ष्मीबाई का जन्मोत्सव समारोह प्रत्येक वर्ष आयोजित करता है। इस वर्ष भी दो दिवसीय आयोजन करने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में बुन्देलखण्ड सेवा मण्डल के महामंत्री नरोत्तम दास अग्रवाल एवं लक्ष्मी व्यायाम मंदिर के महामंत्री जगदीश कौशल ने बताया कि दो दिवसीय कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रथम दिन 18 को भव्य शोभा यात्रा एवं 19 नवम्बर को व्यायाम प्रदर्शन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होगें । कार्यक्रम संयोजक संजय पटवारी एवं श्री लक्ष्मी व्यायाम मंदिर के अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता ने बताया कि भव्य शोभा यात्रा 18 नवम्बर को दोपहर 2 बजे श्रीमती प्रीति सिंह एस. पी. सिटी, के मुख्य आतिथ्य में निकाली जाएगी। जिसका मार्ग खण्डेराव गेट,गणेश मंदिर, नरिया बाजार, सराफा बाजार, मानिक चौक, मालिनों का चौराहा, ब?ा बाजार, गाँधी रोड, सुभाष गंज एवं रानी महल होते हुए श्री लक्ष्मी व्यायाम मंदिर में श्रद्धांजलि के साथ समापन होगा। 19 नवम्बर को झांसी रानी की प्रतिमा पर 1100 दीपकों की दीपांजलि एवं व्यायाम प्रदर्शन सांस्कृतिक कार्यक्रम सायं 5 बजे से जिम्नेजियम हॉल में आयोजित किया जाएगा । पत्रकार वार्ता में नरोत्तम दास अग्रवाल, संजय पटवारी, अशोक कुमार गुप्ता, के. के. गुप्ता, जगदीश कौशल, सिद्धार्थ अग्रवाल, धर्मेन्द्र कुशवाहा, के. के. अग्रवाल एवं शुभम गुप्ता उपस्थित रहे।

## अखिल भारतीय गहोई वैश्य महासभा के राष्ट्रीय चुनाव संपन्न

**झांसी।** अखिल भारतीय गहोई वैश्य महासभा के राष्ट्रीय चुनाव एसपीआई इंटर कॉलेज में संपन्न हुआ जिसमें अध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष, उपाध्यक्ष मंत्री के लिए वोट डाले गए वोटिंग प्रतिशत 65: रहा इस चुनाव के परिणाम 22 तारीख को घोषित किए जाएंगे यह चुनाव पूरे भारत बर्ष में एक साथ हुआ जिसमें सभी गहोई समाज के सदस्यों ने प्रतिभाग किया चुनाव में भरत सेठ, सुभाष खर्द ,संजीव सरावगी,इ.मनोज गुप्ता,मनमोहन गे?ा,देवेन्द्र गुप्ता क्रेशर, अन्नू गँधी मनोज लोहिया ,राकेश गै?ा विजय सरावगी ,लखन गुप्ता ठेकेदार ,अमिताभ नगरिया अमित सेठ सर जी, सुनील बिलैया बब्बल, कृष्ण मुरारी गुप्ता राजू,कमलेश सेठ ,जुगल सेठ, के डी गुप्ता, शिवम गुप्ता लकी, विनय सिजरिया,अर्चना गुप्ता,इंदिरा गुप्ता,रजनी गुप्ता,संजना गुप्ता,स्वनिल मोदी आदि सदस्य उपस्थित रहे।

## पुरातन छात्र संगठन छात्रों को मार्गदर्शन देना बहुत ही उत्तम कार्य

**झांसी।** विगत दिवस पुरातन छात्र संगठन के कार्यक्रम संयोजन में पंख पोर्टल के अन्तर्गत राजकीय इंटर कालेज में श्रीमती रती वर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक के मुख्य आतिथ्य में, सतीश कुमार प्रधानाचार्य की अध्यक्षता में कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम विद्यालय के सभागार में सम्पन्न हुआ। जिसमें वक्ताओं में ई मुकेश गुप्ता ने इंटर पास करने के बाद भविष्य में कैरियर में काम आने वाले कोर्सों पर, संदीप द्विवेदी ने जीवन बीमा में भविष्य, डा प्रतीक अग्रवाल ने इंटर के बाद विश्वविद्यालय में किन किन कोर्सों में दाखिला लें, मानस मधुर ने फायनेंसर मैनेजमेंट पर, विंग कमांडर आशीष दुबे ने सेना में एवं ई पवन नैय्यर ने इंजीनियरिंग में दाखिला लेने के लिए कैसे तैयारी करें, विषयों पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि श्रीमती रती वर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक ने कहा कि पुरातन छात्र संगठन द्वारा छात्रों को मार्गदर्शन देना बहुत ही उत्तम कार्य है। प्रधानाचार्य सतीश कुमार ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम पहले भी पुरातन छात्र संगठन के द्वारा आयोजित किए गए हैं और भविष्य में आगे भी आयोजित किए जाते रहेंगे। संचालन एवं आभार मनोज गुप्ता ने व्यक्त किया।

## नवनियुक्त पदाधिकारी को दिलाई शपथ

**झांसी।** सनशाइन क्लब के अध्यक्ष रामकुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में आम सभा का आयोजन एक होटल में किया गया। वंदेमातरम गायन के पश्चात सभा का प्रारंभ किया गया। सर्वप्रथम आय व्यय का लेखा सदन के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिस पर सभी. सदस्यों द्वारा सहमति व्यक्त की गई। तत्पश्चात विगत माह संपन्न हुए कार्यक्रमों की समीक्षा एवं आगामी कार्यक्रमों पर विचार-विमर्श किया गया। आगामी कार्यक्रमों के अंतर्गत 19 नवंबर को रानी लक्ष्मीबाई जयंती मनाया जाना, पारिवारिक सभा, कंबल वितरण एवं वर्ष के अधिष्ठापन समारोह पर चर्चा की गई। आगामी पदाधिकारियों के चयन हेतु आम सभा में सभी सदस्य द्वारा बैदेहीशरण सरावगी को चुनाव अधिकारी बनाये जाने पर सहमति व्यक्त की गई,सरावगी जी द्वारा चुनाव की प्रक्रिया को संपन्न कराते हुए सर्वसम्मति से पदाधिकारियों की घोषणा की गई वीरेंद्र गुप्ता अध्यक्ष, विलास गुप्ता सचिव ,चन्द्रशेखर तिगुनायक कोषाध्यक्ष ,सभी सदस्यों द्वारा नवनियुक्त पदाधिकारी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। आमसभा में संदेश अग्रवाल, श्याम मुरारी अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, उमेश गुप्ता, संजय यादव, पंकज अग्रवाल उपस्थित रहे। अंत मे सचिव वीरेंद्र गुप्ता द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# बबीना विधानसभा की विशाल एकता यात्रा आज

### प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य होंगे मुख्य अतिथि

**झांसी।** बबीना विधानसभा क्षेत्र में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जन्म जयंती समारोह अभियान के अंतर्गत चिरगांव मंडल में 17 नवम्बर को आयोजित एकता यात्रा की सभी तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं। चिरगांव नगर उत्सव के अनुरूप सुसज्जित है।

बबीना विधायक राजीव सिंह परीक्षा ने बताया कि देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रीय भाव के प्रतीक लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के 150 वीं जयंती समारोह अभियान के अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के



उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य मुख्य अतिथि के रूप में चिरगांव में प्रस्तावित विशाल यूनिटी मार्च में सम्मिलित होंगे। झांसी जनपद के समस्त जनप्रतिनिधि भी इस कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त महाविद्यालय, चिरगांव में जनसभा होगी। सभा के उपरांत उपमुख्यमंत्री द्वारा एकता यात्रा का शुभारंभ किया जाएगा। यात्रा महाविद्यालय से प्रारंभ होकर मंडी, रामनगर चौराहा, थाना, पहाड़ी चुंगी, पहाड़ी तिराहा, मिश्रा ढाबा होते हुए अंतिम पड़ाव महेवा तिराहा पहुंचेगी, जहां पुनः जनसभा आयोजित होगी।

यात्रा प्रभारी मुकेश मिश्रा ने बताया कि यात्रा मार्ग के प्रत्येक प्रमुख चौराहे पर पुष्पवर्षा की व्यवस्था रहेगी। यात्रा में देशभक्ति गीत, विभिन्न झांकियां एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनों का समावेश रहेगा। यह आयोजन सरदार पटेल की 150 वीं जयंती पर राष्ट्रपुरुष को समर्पित सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने कहा कि 562 रियासतों का एकीकरण कर भारत को अखंड राष्ट्रीय स्वरूप प्रदान करने का ऐतिहासिक कार्य सरदार पटेल द्वारा ही किया गया, और यह यात्रा उसी कृतज्ञ स्मरण का प्रतीक है।

## दो दिवसीय सोल स्ट्रोक्स नेशनल ग्रुप आर्ट एग्जिबिशन का हुआ समापन

**झांसी।** रानी लक्ष्मीबाई जयंती को समर्पित सोल स्ट्रोक्स नेशनल ग्रुप आर्ट एगि?बिशन का राजकीय संग्रहालय में समापन हुआ।

मणिकर्णिका आर्ट गैलरी द्वारा आयोजित यह दो-दिवसीय राष्ट्रीय प्रदर्शनी कला-प्रेमियों, युवाओं और वरिष्ठ कलाकारों के लिए एक समृद्ध अनुभव साबित हुई। समापन समारोह में विधान परिषद सदस्य रामतीरथ सिंघल एवं नरेश चंद्र अग्रवाल प्रदेश महामंत्री, संस्कार भारती मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ स्कल्पचर ई. जगदीश लाल, वरिष्ठ चित्रकार किशन सोनी तथा डॉ. अजय कुमार गुप्ता सम्मिलित हुए। अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर कलाकारों के रंग-संयोजन, कल्पनाशीलता और विषय चयन की सराहना की। रामतीरथ सिंघल ने कहा कि कला समाज की संवेदनाओं को जीवंत रखती है, और रानी लक्ष्मीबाई की जयंती पर ऐसी प्रदर्शनी का आयोजन प्रेरणादायक पहल है। नरेश चंद्र अग्रवाल ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर



के कलाकारों को एक मंच पर देखना अद्भुत अनुभव है। किशन सोनी ने कहा कि युवा कलाकारों की ऊर्जा और प्रयोगात्मक सोच इस प्रदर्शनी की विशेष पहचान रही। डॉ. अजय कुमार गुप्ता ने कहा कि कला मनुष्य के भीतर छिपी भावनाओं का सूक्ष्म संवाद है। ई. जगदीश लाल ने कहा कि कला को मंच देने से कलाकारों का आत्मविश्वास और पहचान दोनों ब?ती हैं। कार्यक्रम का संचालन चित्रकार अमर सोनी ने किया। समारोह में अंकुर दीक्षित जिला उपाध्यक्ष, भाजपा, संजय राष्ट्रवादी संस्कार भारती, सहजेंद्र सिंह बघेल,रामसेवक अ?जरिया, डॉ. प्रमिला सिंह, अथर्व, संध्या श्रीवास्तव, शशिकांति, सविता साहू, बिपिन यादव, प्रवीण सिंह राजा, माधुरी शर्मा अतिथियों ने सभी कृतियों का अवलोकन संवाद किया। कार्यक्रम के अंत में मणिकर्णिका आर्ट गैलरी की संचालिका कामिनी बघेल ने सभी अतिथियों और देशभर से आए कलाकारों का हार्दिक आभार व्यक्त किया। समापन पर सभी कलाकारों को मोमेंटो एवं सर्टिफिकेट प्रदान किए गए।

## महिला का मकान हड़पने में पूर्व विधायक के खिलाफ रपट दर्ज

### फर्जी कागज के सहारे वसीयत कराने का लगया आरोप

### मकान बेचा गया मौजूदा पार्षद के भाई को

### पूर्व विधायक व मौजूदा पार्षद भाई के खिलाफ मामला दर्ज

**झांसी।** बबीना से पूर्व विधायक सतीश जतारिया के खिलाफ बुजुर्ग महिला के मकान को फर्जीवाड़ा करके हड़प लेने के आरोप में नवाबाद थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। आरोप है पूर्व विधायक ने खुशीपुरा स्थित विपिन बिहारी इंटर कॉलेज की जमीन में बने मकान के फर्जी कागज बनाकर अपने नाम वसीयत करा लिया। इसके बाद 22 लाख रुपये लेकर बैनामा कर दिया। यहां रहने वाली महिला बेघर हो गई। विवरण के मुताविक खुशीपुरा में रहने वाली रामप्यारी के परिवार का कहना है कि फर्जी वसीयतनामा तैयार करवाकर उनका पैतृक मकान पहले अपने नाम कराया गया, फिर 22 लाख रुपए में बेच दिया। पुलिस ने अब केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। खुशीपुरा निवासी प्यारेलाल के अनुसार 1957 में विपिन बिहारी इंटर कॉलेज के पास उनके परिवार को जमीन का पट्टा मिला था। इस पर मकान बनवाया गया और बाद में बंटवारे में इसका एक हिस्सा रतनलाल के हिस्से में आया। 2012 में रतनलाल की मौत के बाद पत्नी रामप्यारी, 5 बेटियां और बेटा बेटा वारिस रहे। परिवार का आरोप है कि मकान का हक इन्हीं 6 लोगों का था। परिजनों का कहना है कि पूर्व विधायक सतीश जतारिया ने फर्जीवाड़ा कर रामप्यारी के नाम से बनावटी वसीयतनामा तैयार करवाया। इसी दस्तावेज के आधार पर उन्होंने मकान अपने नाम करा लिया। इसके बाद रामप्यारी के बच्चों को घर से बेघर कर दिया गया। आरोप है कि पूर्व विधायक ने मकान मौजूदा पार्षद अतुल वर्मा के भाई रवि रामपुरी को 22 लाख रुपए में बेच दिया। परिजनों के अनुसार कई साल तक सुनवाई नहीं हुई, लेकिन पिछले महीने प्रशासनिक जांच में फर्जीवाड़ा साबित हुआ।

## बिरसा मुंडा की जयंती पर उनके संघर्ष बलिदान को किया नमन

**झाँसी।** मां शबरी सहरिया आदिवासी कल्याण समिति के तत्वावधान में महाविद्यालय स्वर्ण जयंती भवन में भगवान बिरसा मुंडा जयंती एवं राष्ट्रीय आदिवासी गौरव दिवस का विशाल कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सहरिया आदिवासी समुदाय के सैक?ों बहन-भाइयों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संदीप सरावगी एवं बुंदेलखंड कॉलेज के प्रोफेसर की अध्यक्षता में इस ऐतिहासिक आयोजन को गरिमा प्राप्त हुई। समिति के अध्यक्ष गोपाल सहरिया ने मंच से सभी आदिवासी समाज को नमन करते हुए बिरसा मुंडा के आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का संघ् ार्ष आदिवासी समाज के लिए नई दिशा और नई जागरूकता प्रदान करता है। मुख्य अतिथि संदीप



सरावगी ने अपने संबोधन में कहा बिरसा मुंडा केवल एक नाम नहीं, बल्कि स्वतंत्रता, संघर्ष और न्याय की ऐसी प्रतीक शक्ति हैं, जिनसे देश की हर पी?ी को प्रेरणा मिलती है। उन्होंने आदिवासी समाज के अधिकारों, सम्मान और स्वाभिमान के लिए जिस साहस के साथ ल?ाई ल?ी, वह भारतीय इतिहास का अमिट अध्याय है। विभिन्न गांवों से आए आदिवासी भाई-बहनों ने मंच से अपने विचार व्यक्त किए और समाज में एकता, जागरूकता और शिक्षा को ब?ावा देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से दिनेश सहरिया, एडवोकेट संतोष कुमार गौतम, हरचरण सहरिया, मनोहर सहरिया, मेवा सहरिया, रानी सहरिया, मोहन सहरिया, सियाराम भाई, रामकुमार सहरिया सहित अनेक वरिष्ठ साथी उपस्थित रहे। समिति के अध्यक्ष गोपाल सहरिया ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

## हरिहर धाम जन कल्याण समिति की आम सभा भव्य रही

**झांसी।** पॉलिटेक्निक कॉलेज के पास कन्वेंशन सेंटर के गेट नंबर 4 के सामने स्थित प्रसिद्ध एवं प्राचीन हरिहर धाम मंदिर पर हरिहर धाम जन कल्याण समिति की एक आम सभा आयोजित की गई, जिसमें समिति के आय-व्यय निरीक्षक आशाराम राजपूत ने वर्ष भर का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। समिति के महासचिव डॉ मनमोहन मनु ने वर्ष भर के जनकल्याण के समय समय पर होने वाले कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला। समिति के अध्यक्ष भोगी राम गौतम ने बताया कि अगले वर्ष समिति जन कल्याण के कार्यक्रमों में और ब?-च?कर सेवा के कार्य करेगी। अध्यक्ष ने मुख्य अतिथि गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि भाजपा के



पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रदीप सरावगी के सामने रास्ते की समस्या को रखते हुए कहा कि मंदिर के आसपास गरीब जनता द्वारा अपनी जिंदगी भर की जमा पूंजी से खरीदे गए मकान एवं प्लॉट है जिस पर आने-जाने के लिए यही एकमात्र रास्ता है। पॉलिटेक्निक कॉलेज प्रशासन द्वारा आए दिन नाजायज मांग की जाती है और मांग पूरी न करने पर अपने सरकारी होने का लाभ उठाते हुए पॉलिटेक्निक छात्रों की गुंडई के दम पर उक्त सरकारी मार्ग को बंद करने की धमकी दी जाती है। मुख्य अतिथि श्याम बिहारी गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि प्रदीप सरावगी ने समिति को आश्वासन दिया कि जनहित की इस समस्या को प्रशासन के समक्ष रखेंगे और पॉलिटेक्निक कॉलेज की नाजायज मांगों से भी प्रशासन को अवगत कराएंगे। बैठक में अरविंद कुमार राठौर, सौरभ साहू, महेश प्रजापति, बेबी प्रजापति, हुकुम सिंह राजपूत, धर्मेंद्र, राजेश साहू, मूलचंद वर्मा, आशीष साहू, विमला देवी रायकवार, आराधना राठौर, शारदा गुप्ता, विकास साहू, राहुल यादव, सुधीर गुप्ता, जिया शाहीन, शाईदा लतीफ, अनिल कुशवाहा, आरिफ खान समेत सैक?ों समिति सदस्य एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे। अंत में सभासद प्रतिनिधि राहुल तिवारी ने आभार व्यक्त किया।




स्वामी निष्ठावान एडवरटाइजर्स एण्ड मीडिया प्रा.लि.,मुद्रक, प्रकाशक, श्रीमती रीता सिंह द्वारा प्रदेश वॉच मीडिया ग्रुप, 11, प्रेस कॉम्प्लेक्स, एम.पी. नगर, भोपाल-462023, म.प्र. से मुद्रित एवं कैमासनपुरम, करगुंजी, मेडिकल कॉलज के पास, कानपुर रोड, झाँसी से प्रकाशित।
**संपादकः बालेन्द्र गुप्ता** पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार (सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र झांसी रहेगा।) फोनः 9936277530, 9450071944, ई-मेलः balendragupta271@gmail.com आर.एन.आई.नं. UPHIN 2012/47946